## संक्षेप

### साउथ सिटी में नववर्ष मेले का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। साउथ सिटी वीमेन्स एसोसिएशन के तत्वावधान में, रविवार को नववर्ष मेले का आयोजन डी ब्लॉक पार्क में किया गया ।? मेले के आरंभ में साउथ सिटी निवासी अशोक गर्ग को श्रद्धांजलि दी गई ।? सरस्वती वंदना के साथ बच्चों की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ ,जिसमें बैलून रेस , पापा शर्ट रेस और फैंसी ड्रेस , निबन्ध लेखन,कविता पाठ प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें क्रमशः कुश ,रेयांश , आरोही प्रथम रहे। ड्राइंग और पोस्टर मेकिंग में शिवाय गौड़ और प्रांजल प्रथम आये ।टैलेंट शो में स्नेहा सिंह के गाने ने सबका दिल जीत लिया, वहीं काव्या तिवारी जो नेत्रहीन हैं , उनके गाने ने माहौल को संगीतमय कर दिया । अनन्या अग्रवाल ने गिटार बजाया ।मेले का आकर्षण खाने पीने की स्टाल के साथ किताबों की स्टाल भी रही ।बच्चों ने गेम्स के भी स्टाल लगाए थे । मेले के आयोजन में नीना अवनीश , मीता पाल , मधुलिका चंदेल , नीलू नारायण , अनु सहगल , सीमा , सिम्मी , प्रमिला लाल , नेहा श्रीवास्तव , सुमन पांडे , शिखा श्रीवास्तव सहित दर्जनों महिलाओं ने सक्रिय रूप से मेले को सफल बनाया ।

### अयोध्या में इलाज के नाम पर 17 लाख की उगाही करने का आरोप

अयोध्या। हृदय रोग के इलाज के नाम पर लाखों रुपये की उगाही और संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मरीज की मौत के मामले में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। एफटीसी सीनियर डिवीजन/एसीजेएम ने आरोप प्रथम दृष्टया सही पाते हुए हर्षण हृदयरोग संस्थान के चिकित्सक डॉ. अरूण जायसवाल और सहारा अस्पताल लखनऊ के चिकित्सक डा. विजय पाण्डेय को लापरवाही, उपेक्षापूर्ण कार्य सहित गंभीर धाराओं में तलब किया है।मामला इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु से जुड़ा है।परिवादी के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह के अनुसार अमरनाथ अग्रवाल के पिता राघवेंद्र कुमार अग्रवाल का इलाज सिविल लाइंस स्थित दिव्य हास्पिटल में शुगर, थायराइड और हार्निया की बीमारी के लिए चल रहा था।

# सरोजनीनगर में लगा 151 वाँ 'आपका विधायक -आपके द्वार

## 151वाँ आपका विधायक - आपके द्वार :केके हॉस्पिटल के सहयोग से बंथरा में लगा आई कैंप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में पिछले 150 सप्ताहों से अधिक समय से निरंतर जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि शासन-प्रशासन की योजनाओं और जनसुविधाओं का लाभ सीधे अंतिम नागरिक तक पहुँचे। इसी क्रम में रविवार को ग्रामसभा बंथरा में 151वाँ ह्यआपका विधायक झ्र आपके द्वारह्न जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया।



**जनसमस्याओं का त्वरित समाधान :**

शिविर में क्षेत्रवासियों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, बाल सेवा योजना का लाभ, सड़क, नाली, साइकिल, पीएम आवास जैसी समस्याएँ एवं आवश्यकताएँ दर्ज की गईं, जिनके त्वरित समाधान का प्रयास किया गया। इस अवसर पर 10 जन समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया।

**के के हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर:**

आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए के. के. हॉस्पिटल के सहयोग से चिकित्सा शिविर भी आयोजित हुआ, जिसमें 41 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया और 32 वृद्धजनों को चश्में प्रदान किए जायेंगे।

**युवाओं को सम्मान और संसाधनः**

गाँव की शान पहल के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 मेधावियों 1. जैस जायसवाल (97%), 2. सौम्या गुप्ता (92%), 3. श्रद्धा गुप्ता (92%), 3. अनिकेत वर्मा(74%), 4. विश्व प्रताप सिंह (82%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प के क्रम में 165वाँ बॉयज यूथ क्लब एवं 100वाँ गर्ल्स यूथ क्लब गठित किया गया और खेल किट वितरित की गई।

**सामाजिक सम्मान और सामुदायिक सहभागिताः**

शिविर में उपस्थित बूथ अध्यक्ष विवेक राजपूत, सेक्टर संयोजक पवन मिश्रा, बूथ अध्यक्ष प्रखर गुप्ता, विनोद मिश्रा, रोहित मौर्या, पुरुषोत्तम मिश्रा, दिनेंद्र सिंह, शिव कुमार सिंह, बैद्यनाथ (फीइ. ऊ८रढ), शेरा गुप्ता, सुरेश सिंह चौहान, अरुण कुमार गुप्ता, पिंटू तिवारी, आयुष वर्मा एवं अन्य गणमान्यों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।साथ ही, सभी उपस्थित जनसमुदाय को तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

# मलिहाबाद पुलिस ने बाइक चोर दबोचा, चोरी की बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार



आरोपी सूरज – फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर बाइक भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, पुलिस आयुक्त लखनऊ के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत बीती शनिवार रात उपनिरीक्षक अमन कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।इसी दौरान मिजार्गंज चौराहे पर संदिग्ध अवस्था में जा रही एक मोटरसाइकिल को रोका गया।जांच में वाहन चालक ने अपना नाम सूरज कन्नौजिया निवासी ग्राम पठान गढ़ी, थाना काकोरी बताया, लेकिन वह मोटरसाइकिल के कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।ई-चालान ऐप से जांच करने पर पता चला कि मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 32 एच 6867) सर्वेश के नाम पंजीकृत है। वाहन स्वामी से संपर्क करने पर जानकारी मिली कि उक्त मोटरसाइकिल 6 जनवरी को थाना काकोरी क्षेत्र के दुगार्गंज से चोरी हो गई थी, जिस संबंध में पहले से मुकदमा दर्ज है।सीसीटीवी फुटेज से भी आरोपी की पहचान की पुष्टि हुई, जिसके बाद उसने चोरी की घटना स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया है।जांच में आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

# लखनऊ में बिजली संकट, गोमती नगर-त्रिवेणी नगर और बाबूगंज सहित कई इलाकों में आज रहेगा शटडाउन

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ।राजधानी में बिजली से जुड़ा मरम्मत कार्य बंद होने का नाम नहीं ले रहा है।अभी फरवरी 2026 से मरम्मत माह की घोषणा कर दी जाएगी और फिर बिजली की मरम्मत और तेजी से होगी। फिर शटडाउन का सिलसिला शुरू होगा। दावा किया जाता है कि गर्मियों में इसके बाद बेहतर बिजली मिलेगी लेकिन सवाल खड़ा होता है कि नवंबर, दिसंबर, जनवरी माह में कौन सा शटडाउन नहीं लिया जा रहा है? शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो, जब राजधानी के किसी भी जोन में मरम्मत के नाम पर शटडाउन न लिया गया हो। राजधानी की बिजली व्यवस्था अभी तक ऐसी नहीं हो पायी कि वैकल्पिक बिजली से निर्बाध बिजली उपभोक्ता को मिलती रहे और मरम्मत कार्य भी हो जाए। फिलहाल सोमवार को एक बार फिर राजधानी के कई क्षेत्रों में मरम्मत से जुड़े कार्य किए जाएंगे और अलग-अलग समय सारिणी में शटडाउन लिया जाएगा। विश्वविद्यालय बिजली उपकेंद्र से संबंधित कैलाश छात्रावास, पशुपालन विभाग, बंद मटर चौराहा, बाबूगंज, हसनगंज, चरही, लकड़ी की टेकी, कूड़ेवाली पेटी, सुभाष पार्क के आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक 12 जनवरी को बिजली संकट रहेगा। इक्का स्टैंड बिजली उपकेंद्र से संबंधित इक्का स्टैंड, कुतुबपुर, हनुमान मंदिर, बलाई आरा मशीन के आसपास, तकिया मुंशीगंज, पन्नालाल चौराहा में बिजली संकट सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आज रहेगा। अहिबरनपुर महानगर बिजली उपकेंद्र से संबंधित बादशाह जी, मोहन मेकिंग, गुड़िया टोला, पुरानी बास मंडी, रेती मोहल्ला में दोपहर एक बजे शाम चार बजे तक बिजली नहीं रहेगी। इसी बिजली उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र त्रिवेणी नगर, अहिबरनपुर बिजली के आसपास क्षेत्र में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक भूमिगत केबल से जुड़ा काम किया जाएगा। इसी तरह सुबह 11:30 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक इसी बिजली उपकेंद्र से संबंधित मसालची टोला, बाबा का पुरवा और खदरा में बिजली संकट रहेगा। गोमती नगर के विकास खंड एक, दो तीन व चार में 12 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बिजली संकट रहेगा। विराज खंड बिजली उपकेंद्र से संबंधित विराज फीडर सुबह 11:30 बजे से शाम पांच बजे 12 जनवरी का बंद रहेगा। विश्वास खंड बिजली उपकेंद्र से संबंधित विनय खंड दो, तीन में बिजली संकट दो चरणों में रहेगा। पहल चरण दोपहर 12 बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक और दूसरा चरण दोपहर डेढ़ बजे से दोपहर दो बजे तक रहेगा।

# मकान का ताला तोड़कर भीतर घुसने की कोशिश कर रहे तीन चोरों को पकड़ा

## तीनों चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार करके भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कॉलोनी, सेक्टर - एफ में शुक्रवार देर रात एक मकान का ताला तोड़कर भीतर घुसने की कोशिश कर रहे तीन चोरों को कॉलोनी वासियों ने घेर कर धर दबोचा। बाद में उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने तीनों के पास से दो तमंचे बरामद कर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को जेल भेज दिया है। बताते हैं कि शुक्रवार रात एक बाइक से पहुंचे तीन अज्ञात युवक एलडीए कॉलोनी सेक्टर-एफ निवासी कमलेश कुमार मल्होत्रा के मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे। तभीसामने के मकान में रहने वाले एक व्यक्ति ने सीसीटीवी कैमरे में उन्हें देख इसकी सूचना अन्य कॉलोनी वासियों को दी। सूचना के बाद आसपास के कई लोग पहुंच गए और चोरों को पकड़ने के लिए पीछे से घेराबंदी कर दी।साथ ही मामले की सूचना डायल 112 पर दी ।बताया जाता है कि इस दौरान चोरों ने खुद को घिरता देख अवैध तमंचा निकालकर कॉलोनीवासियों को डराने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने हिम्मत नहीं हारी और उनका पीछा करते रहे।इस दौरान तीनों चोर भागते हुए सीएमपी पार्क की ओर दौड़े, जहां कॉलोनीवासियों ने उन्हें दौड़ाकर धर दबोचा। बाद में तीनों को पकड़ कर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गये शातिरों ने अपना नाम बाजार खाला के मोतीझील कॉलोनी, ऐशबाग निवासी अभिषेक सिंह उर्फ प्रदीप सिंह, तालकटोरा के ई ब्लॉक, सचिवालय कॉलोनी, राजाजीपुरम निवासी अमन यादव उर्फ सत्यम और हरदोई जिले के बिलग्राम थाना अंतर्गत अंटुवा नूरपुर हथोड़ा निवासी शिवम यादव बताया।पुलिस ने उनके पास से .315 बोर के दो अवैध तमंचे, तीन जिन्दा कारतूस, दो आला नकब और एक चोरी की अपाचे मोटरसाइकिलबरामद की है।पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तीनों युवक शातिर चोर हैं।वह अवध शस्त्रों से लैस होकर घरों में चोरी और स्नेचिंग व लूट की घटनाएं अंजाम देकर मौके से फरार हो जाते थे।पुलिस का कहना है कि इसमें से अभिषेक सिंह और अमन यादव के खिलाफ आलमबाग, तालकटोरा, ठाकुरगंज, कृष्णा नगर, आशियाना व पीजीआई थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।फिलहाल पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को उन्हें जेल भेज दिया है।

# तहरी भोज के साथ भव्य कंबल वितरण कार्यक्रम बंथरा में हुआ संपन्न

**बंथरा चेयरमैन प्रतिनिधि रंजीत रावत द्वारा 5000 कबंलो का किया गया वितरण**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।कड़ाकेदार ठंड को देखते हुए बंथरा नगर पंचायत के चेयरमैन रामावती, के प्रतिनिधि रंजीत रावत द्वारा आज भव्य कंबल वितरण एवं तहरी- भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में गरीब, असहाय और बुजुर्गों को कंबल उपलब्ध कराना सच्ची जनसेवा है, और यह सेवा व संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने कंबल वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में भाईचारा, आपसी सौहार्द और एक-दूसरे की सहायता करने की भावना मजबूत होती है।उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची जनसेवा है और इससे सामाजिक समरसता को बल मिलता है।इस अवसर पर श्री मौर्य ने उपस्थित लोगों से अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक अपनी मतदाता सूची में नाम अवश्य जांचें और जिनका नाम छूट गया हो, उसे समय रहते जुड़वाएं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होगा और देश की नींव सुदृढ़ बनेगी। भाजपा अवध प्रांत के उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते है।कार्यक्रम में कार्यक्रत को भाजपा अवध प्रांत के उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद, पूर्व प्रधान विश्वशम्भर प्रसाद रावत, प्रधान प्रतिनिधि विपिन रावत उर्फ पीनू, भाजपा नेता सुरेश सिंह, महेन्द्र रावत, प्रदीप रावत, आशीष टाइगर, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, भाजपा की जिलामंत्री रेनू सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रज्जन लाल रावत व समाजसेवी सुन्दर लाल रावत ने भी संबोधित किया। जबकि सभासद प्रतिनिधि अतुल शुक्ला, शिव कुमार, ब्रजेश, हंजराज, आशीष गौतम, हुकुम सिंह, महादेव रावत, इरशाद, शौकत, अभय रत्न, दीपू गौतम, पूर्व प्रधान राजकुमार रावत, वीरेंद्र ज्वेलर्स, शेरा सभासद, अयोध्या, बृजेश सभासद, सुनील सिंह, पप्पू सिंह, पिंटू शुक्ला, पिंटू तिवारी, अरुण गुप्ता, संदीप रावत व गुड्डू गौतम मौजूद रहे। रामावती महिला शक्ति उत्थान समिति अध्यक्ष संध्या रावत ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रहीमाबाद में गरजी सनातन चेतना, विराट हिंदू सम्मेलन में एकता का उद्घोष

## हजारों सनातनियों की मौजूदगी से गूंजा सर्वोदय विद्यालय परिसर

**सनातन चेतना का महासंगम बना रहीमाबाद**

अमन लेखनी समाचार



कार्यक्रम में मौजूद हजारों की भीड़





कार्यक्रम को संबोधित करते विभाग प्रचारक

लखनऊ। रहीमाबाद स्थित सर्वोदय बाल विद्या विद्यालय परिसर रविवार को सनातन चेतना के विराट केंद्र के रूप में परिवर्तित हो गया, जब यहां विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिंदू समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और एकजुटता का संकल्प दोहराने का सशक्त मंच बनकर उभरा।

सम्मेलन का नेतृत्व सम्मेलन संयोजक संतोष सिंह (तिलन) ने किया, जिनके आह्वान पर क्षेत्रभर से संत-महात्मा, समाजसेवी और हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एक मंच पर एकत्रित हुए।मंच से उठी आवाजों में हिंदू एकता, सनातन संस्कृति की रक्षा और सामाजिक जागरूकता का स्पष्ट संदेश गूंजता रहा।

विभाग प्रचारक अमित जी, अंतर्राष्ट्रीय महामंडलेश्वर महादेव बाबा, जिला प्रचारक कोमल और सांस्कृतिक गौरव संस्थान के प्रांत सचिव कृष्ण कुमार शुक्ला जैसे प्रमुख वक्ताओं ने हिंदू समाज से आह्वान किया कि आपसी मतभेद भुलाकर संगठित होना ही समय की मांग है। वक्ताओं ने कहा कि सनातन संस्कृति केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है, जिसकी रक्षा समाज की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है।

सम्मेलन के दौरान धर्म, संस्कार और संस्कृति से जुड़े विचारों ने जनसमूह में नई ऊर्जा और आत्मबोध का संचार किया।हजारों की संख्या में मौजूद सनातनियों की उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि समाज में सांस्कृतिक चेतना तेजी से मजबूत हो रही है।इस अवसर पर सहकारी संघ जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेत्री/ प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान, गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता,रोहित, प्रमोद, पंकज गुप्ता, गुलजारी, अवधेश सिंह, मनोज, रवि सिंह, आलोक मौर्य, गोपाल मौर्य, दुर्गेश प्रताप सिंह, अनूप सिंह, हरिशंकर शुक्ला सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

रहीमाबाद का यह विराट हिंदू सम्मेलन न केवल एक आयोजन रहा, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि जब सनातन समाज एकजुट होता है, तो संस्कृति, संस्कार और संगठन की शक्ति स्वयं बोल उठती है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी – फोटो

लखनऊ।माल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़े गए दोनों आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे और पुलिस को उनकी तलाश थी। रविवार को माल पुलिस के मुताबिक 11 जनवरी को मलिहाबाद थाने में दर्ज मुकदमें में गैंगस्टर एक्ट के तहत फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मुख्य आरोपी मनोज यादव निवासी ग्राम घनश्यामपुर, थाना काकोरी और उसका साथी लवकुश कश्यप निवासी ग्राम घैला, थाना मड़ियांव जनपद लखनऊ शामिल हैं।जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए चोरी, लूट व धोखाधड़ी जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे। इनके खिलाफ कई मामलों में पहले से ही मुकदमे दर्ज हैं।माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ककराबाद रोड अंडरपास के पास से दोनों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मनोज यादव के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों में चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट व बीएनएस सहित करीब 11 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।वहीं लवकुश कश्यप के विरुद्ध भी कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है।पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, सोशल मीडिया से हुई पहचान

अमन लेखनी समाचार



मृतक विमलेश फाइल – फोटो

लखनऊ। बीती रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल सड़क पार कर रहे युवक की मौत हो गई।हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना मलिहाबाद चौराहा स्थित लकी धर्म कांटा के पास शनिवार रात करीब 10 बजे हुई। बेलवा, काकोरी निवासी विमलेश (24) पैदल सड़क पार कर रहा था, तभी पीछे से आए अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक उछलकर दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। रविवार को वायरल फोटो को देखकर फिरोजपुर, मलिहाबाद निवासी आरती पत्नी लक्ष्मण ने मृतक को अपने भाई विमलेश के रूप में पहचान की। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अज्ञात वाहन और फरार चालक की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# लखनऊ में दो भाइयों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, जालसाज ने 35 लाख रुपये ऐंठें

अमन लेखनी समाचार





लखनऊ। जालसाज ने खुद को कृषि उत्पादन आयुक्त कार्यालय में स्टेनो बताकर दो भाइयों की नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे कई बार में 35 लाख रुपये ठग लिए।दबाव बनाने पर जालसाज ने जाली नियुक्ति पत्र थमा दिए।दोनों भाई ज्वाइन करने पहुंचे तो उन्हें ठगी की जानकारी हुई।इसके बाद उन्होंने हजरतगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर में हुसैनगंज निवासी प्रशांत कुमार दुबे ने बताया कि कुछ वर्ष पहले अलीगंज निवासी निखिल वर्मा से मुलाकात हुई थी। उसने खुद को कृषि उत्पादन कार्यालय में स्टेनो बताया। बातों में लेकर उसने प्रशांत और उनके भाई की नौकरी ग्राम विकास अधिकारी या फिर समाज कल्याण पर्यवेक्षक के पद पर लगवाने की बात कही। जून 2023 से जनवरी 2025 के बीच उसने 35 लाख रुपये ले लिए। पांच-पांच लाख रुपये के दो चेक भी लिए लेकिन नौकरी नहीं लगवाई।शक होने पर उन्होंने छानबीन की तो पता चला 2025 की जनवरी में निखिल को नौकरी से निकाला जा चुका है। पीड़ित ने जब दबाव बनाया तो निखिल ने उसे दो अलग-अलग पदों के फर्जी नियुक्ति पत्र गांव के पते पर भेज दिए।पीड़ित जब ज्वाइनिंग के लिए पहुंचा तो फजीवाड़े की जानकारी हुई। रुपये वापस मांगे तो निखिल ने धमकी दी। उन्होंने हजरतगंज थाने में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है।इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि लेनदेन का विवरण और अन्य दस्तावेज मांगे गए हैं।

## संक्षेप

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शनिवार की रात पीआरवी पुलिस को सूचना दी कि घर में घुस कर चचेरे देवर ने नाबालिग बेटी के साथ गलत नियत के चलते पकड लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया बेटी के शोर मचाने पर मौके से भाग निकला नाबालिक किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ छेड़छाड़ पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल जांच के लिए मियागंज अस्पताल भेज दिया और आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पीआरवी पुलिस को दी गयी सूचना में आरोप लगाया कि वह पति के साथ जगन्नाथपुरी में है घर पर 13 साल की बेटी और 15 साल का बेटा था शनिवार की रात गलत नियत के चलते चचेरा देवर अंकुल पुत्र राजाराम घर में घुस आया और छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया बेटी के शोर मचाने पर मौके से भाग निकला रविवार किशोरी के भाई ने पुलिस को तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मुकद्मा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल जांच के लिए मियागंज अस्पताल भेज दिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म का प्रयास पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और किशोरी को मेडिकल जांच के अस्पताल भेजा गया है।

### एक युवती को लेकर दो पतियों ने ठोका अपना अपना दावा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। कस्बे में एक युवती को लेकर तीन-तीन पतियों के दावे के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद के दौरान अंकुश नामक युवक गुस्से में आकर कथित तौर पर ब्लेड से अपनी ही गर्दन काट ली। गंभीर रूप से घायल अंकुश को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अंकुश का दावा है कि संबंधित युवती उसकी पत्नी है और इसी कारण विवाद हुआ।वहीं, अंकुश के दोस्त राजू ने भी खुद को उसी युवती का पति बताया। राजू ने मीडिया से बातचीत में युवती को कभी पत्नी तो कभी बहन बताया। बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि वह युवती का दूसरा पति है और युवती पहले से ही एक विवाह कर चुकी है। राजू का कहना है कि घटना के समय अंकुश नशे में था और गुस्से में आकर उसने खुद को घायल किया। पुलिस का कहना है कि सभी पक्षों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाएगी। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर मिलने का इंतजार है। तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे दिल्ली

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर आज जनपद के कोने-कोने से हजारों की संख्या में उनके समर्थक दिल्ली पहुंचे। वहां जंतर मंतर पर न्याय महापंचायत का आयोजन कर कुलदीप सिंह सेंगर के लिए इंसाफ मांगा। तत्पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर उनकी रिहाई की मांग उठाई ।घने कोहरे, कंपकंपा देने वाली भीषण सर्दी और डगमगाते वाहनों से बार-बार धक्के खाते हुए भी कुलदीप सिंह सेंगर के समर्थकों के हौसले डगमगाए नहीं। पाँच सौ किलोमीटर की लंबी और कठिन यात्रा मानो उनके इरादों की परीक्षा थी। ठिठुरती रातें, जमी हुई उंगलियाँ और थकी हुई आँखें—इन सबके बीच उनके दिल में सिर्फ एक ही जज्बा था, अपने विधायक के लिए इंसाफ की आवाज बुलंद करना। दिल्ली की सड़कों पर पहुँचे ये समर्थक किसी राजनीतिक प्रदर्शन से अधिक एक भावनात्मक संघर्ष का प्रतीक थे। हर कदम पर ठंड ने उन्हें रोकने की कोशिश की।



हर मोड़ पर रास्ते ने इम्तिहान लिया। लेकिन न्याय की उम्मीद ने उन्हें आगे बढ़ाए रखा। उनके चेहरों पर थकान के साथ-साथ विश्वास झलक रहा था कि सच की जीत होगी। यह यात्रा केवल दूरी तय करने की नहीं थी, बल्कि त्याग, आस्था और निष्ठा की मिसाल थी। इंसाफ की यह पुकार बर्फीली हवाओं को चीरती हुई सत्ता के गलियारों तक पहुँचे—यही उनकी सबसे बड़ी कामना थी। महापंचायत में शामिल बांगरमऊ नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन इजहार अली खान गुड्डू ने कहा कि कुलदीप सिंह सेंगर एक जनप्रिय नेता रहे हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए अनेक कार्य किए। डी एस एन कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अजय बाजपेई एडवोकेट में कहा कि किसी भी स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच हो जाए तो दूध का दूध, पानी का पानी सामने आ जाएगा ।छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप बाजपेई ने आरोप लगाया कि राजनीतिक दुर्भावना के चलते अदालत के समक्ष तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। जिससे न्याय प्रक्रिया प्रभावित हुई। विनोद मिश्रा, राजकुमार सिंह, सुधीर कुमार मिश्रा, सद्धु, अरकान सिद्दीकी, इशरत अली मुनारे प्रधान, अतुल मिश्रा, रणधीर सिंह, संतोष यादव, कुन्हू सिंह, शीलू यादव, विष्णु रस्तोगी, विनीत गुप्ता, गौरव गुप्ता, विक्की गुप्ता, अनूप भारती, अमित गुप्ता, मनीष शुक्ला, रामबाबू शुक्ला, मोनू मिश्रा, वीरू सिंह चंदेल, रणंजय सिंह मोनू, सचिन द्विवेदी व महेश यादव आदि वक्ताओं का कहना था कि यदि निष्पक्ष जांच हो और सभी साक्ष्यों पर ईमानदारी से विचार किया जाए तो सच्चाई स्वतः सामने आ जाएगी। समर्थकों ने यह भी कहा कि न्याय व्यवस्था पर उन्हें पूरा भरोसा है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा भ्रमित करने की कोशिश की गई है। इसी के विरोध में आज यह न्याय महापंचायत आयोजित की गई, ताकि देशभर का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित किया जा सके। महापंचायत में शामिल लोगों ने ह्लकुलदीप सिंह सेंगर को न्याय दोह्व और निर्दोष को रिहा करोह्व जैसे नारे लगाए। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार और न्यायपालिका से अपील की कि कुलदीप सिंह सेंगर के मामले की निष्पक्ष समीक्षा कर उन्हें शीघ्र जमानत दी जाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जेल में रहना न केवल उनके परिवार बल्कि समर्थकों के लिए भी पीड़ादायक है। न्याय महापंचायत शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी तरह का दबाव बनाना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना है। महापंचायत के बाद कार्यकर्ता शांतिपूर्वक अपने-अपने गंतव्यों के लिए रवाना हो गए।

## पति-पत्नी के 11 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 06, थाना सोहरामऊ से 02, थाना बांगरमऊ, थाना बारासगवर, थाना बेहटा मुजावर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ0 सगीर अहमद, डॉ0 अवसार अली, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर पुलिस टीम से महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, सेविका शकुंतला, पूजा चौधरी, पूजा, सुहावना, दीपा का विशेष योगदान रहा।



## एंबुलेंस ने बाइक सवार दो युवकों को मारी टक्कर एक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। स्थानीय कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गेट के पास शनिवार रात एक एंबुलेंस ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष के पुत्र सहित दो युवक घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। कस्बे के दुनियाना मोहल्ला निवासी शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह का 19 वर्षीय पुत्र अभिजीत सिंह, पड़ोस में रहने वाले वीरेंद्र मिश्रा के 16 वर्षीय पुत्र संस्कार के साथ किसी काम से बस स्टॉप मुख्यमार्ग गया था। देर शाम दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे सीएचसी गेट के पास पहुंचे तभी अस्पताल परिसर से निकल रही 102 एंबुलेंस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी ।हादसे में अभिजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि संस्कार को मामूली चोटें आईं। दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अभिजीत की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां उसका इलाज जारी है।

## मजदूरों के अधिकार को लेकर कांग्रेश पार्टी के कार्यकताओं ने एक दिवसीय किया उपवास

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कांग्रेस पार्टी ने रविवार को मजदूरों के अधिकारों और मनरेगा से जुड़ी मांगों को लेकर एक दिवसीय उपवास और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर मजदूर विरोधी नीतियां अपनाने और घोषणापत्र के वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता तन्मय श्रीवास्तव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार मजदूरों के साथ लगातार छल कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश के उन मजदूरों को निशाना बना रही है, जो वास्तव में देश की बुनियाद हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा द्वारा अपने घोषणापत्र में घोषित 125 दिन के काम का वादा केवल एक ₹ड्रामा₹ और ₹ढकोसला₹ है। उन्होंने इसे न केवल मजदूरों बल्कि पूरे देश के लिए नुकसानदायक बताया। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल का जिक्र करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत 100 दिन का सुनिश्चित रोजगार दिया जाता था। उस समय काम हो या न हो, मजदूरों को उनकी मजदूरी मिलती थी, जिससे उनके घर का खर्च चलता था। तन्मय श्रीवास्तव ने कहा कि आज मजदूर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और यह सवाल खड़ा हो गया है कि उसे न्याय मिलेगा भी या नहीं। उन्होंने पूछा कि भाजपा सरकार गांव-गांव जाकर सर्वे तो कर रही है, लेकिन मजदूर अपनी पीड़ा और समस्याएं कहां रखें। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सरकार का ध्यान मजदूरों की समस्याओं की ओर आकर्षित करने के लिए एक दिवसीय उपवास का रास्ता चुना है। कांग्रेस नेता ने चेतावनी दी कि यदि जरूरत पड़ी तो मजदूरों के हक और सम्मान के लिए कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर प्रखर आंदोलन करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरों को उनका अधिकार दिलाने और उनकी आवाज को ऊपर तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी। कांग्रेस पार्टी लगातार संघर्ष करेगी और भाजपा को अपने 125 दिन के झूठे वादे वापस लेने या उसे लागू करने के लिए मजबूर करेगी।

## एक्सप्रेसवे पर मध्य डिवाइडर नहीं कोई संकेतक दुर्घटना का डर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के प्रमुख हरदोई उन्नाव मार्ग पर एक्सप्रेसवे के निकट बनाए गए मध्य डिवाइडर पर कोई संकेतक आदि ना होने से दुर्घटनाओं को बल मिलता दिख रहा है वही इस व्यस्ततम मार्ग पर व्यवस्था दुरुस्त ना हो पाने से विभाग की लापरवाही उजागर होती दिख रही है ।गौरतलब हो क्षेत्र से गुजरा प्रमुख हरदोई उन्नाव मार्ग अति व्यस्ततम मार्ग है इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में हल्के भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है वैसे तो क्षेत्र में इस प्रमुख मार्ग पर कस्बा बांगरमऊ में ही मध्य डिवाइडर बना है इसके अलावा कही भी मध्य डिवाइडर नहीं है किंतु सुरक्षा कारणों के चलते आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के निकट करीब 500 मीटर की क्षेत्रफल में इस प्रमुख मार्ग पर मध्य डिवाइडर बना हुआ है इस मध्य डिवाइडर की चौड़ाई तकरीबन एक मीटर व ऊंचाई करीब एक फीट बनी हुई है किंतु इस डिवाइडर के मुहाने पर दोनों सिरों पर कोई संकेतक आदि नहीं लगे हुए है जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है ।किंतु लंबे समय से जिम्मेदार विभाग द्वारा इस ओर कोई रुचि भी नहीं लेती देखी गई है जिससे रात के समय दुर्घटनाओं की आशंका और भी बढ़ जाती है ।कोई संकेतक आदि ना लगा होने से रात के समय वाहन चलाने के दौरान यह डिवाइडर स्पष्ट तौर दिखाई नहीं देता है जिससे कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।

**गौरतलब हो कि बीते करीब 5 वर्ष पूर्व एक्सप्रेसवे के पूर्वी छोर की तरफ इसी मध्य डिवाइडर के मुहाने से टकराकर एक ओमनी कार विपरीत दिशा में जाकर सामने से आ रहे ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुई थी इस दौरान दोनों वाहनों में आग लगने से ओमनी कार सवार 7 लोग जिंदा जलकर मौत के मुंह में चले गए थे।**

## पिता की याद में सेवा सब इंस्पेक्टर के साथ जरूरतमंदों को बांटे कंबल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दिन में हल्की धूप और रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है ।लगातार चल रही शीतलहर से जनमानस का बुरा हाल है ।ऐसे में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट की शिक्षिका तथा जनपद की एस आर जी डॉ रचना सिंह ( राज्य शिक्षक पुरस्कार सम्मानित ) ने अपने पिता अरिमर्दन सिंह चौहान की पुण्यतिथि को ₹सेवा दिवस₹ के रूप में मनाते हुए दिव्यांगों, बुजुर्गों, जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर मानवता का संदेश दिया। विकास खण्ड पुरवा के ग्राम नाथीखेड़ा में पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा के साथ पहुंच कर डॉ. रचना सिंह ने दिव्यांग व्यक्तियों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। रचना सिंह द्वारा किये गए कंबल वितरण का प्रयास ठंड से जूझते चेहरों पर मुस्कान लेकर आया। दिव्यांग प्रदीप कुमार अवस्थी उर्फ. बाबू अवस्थी, दिव्यांग महेश रावत, दिव्यांग संतू रावत, महिलाओं में जग्गा गौतम, गंगाजली गौतम, विद्या गौतम सहित कई जरूरतमंद महिलाओं - पुरुषों ने कम्बल प्राप्त करके अपनी खुशी जाहिर की। डॉ रचना सिंह ने बताया कि कंबल वितरण का यह सेवा कार्य अलग- अलग जगहों पर आगे भी चलाया जाएगा ।उन्होंने कहा कि इस भीषण ठंड में निराश्रितों की सहायता हेतु समर्थ वर्ग को आगे आना चाहिए। हमारा प्रयास होना चाहिए कि कोई भी असहाय का जीवन ठंड की वजह से न जाए। पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किये जाने को मानवीय सेवा कार्य बताते हुए डा रचना सिंह की सराहना करते हुए हुए कहा कि उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के साथ -साथ सामाजिक सरोकार से समाज में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।



## अनियंत्रित बाइक सवार युवक माइनर में गिरकर घायल




अमन लेखनी समाचार

आसीवन। थाना क्षेत्र में शनिवार की रात रसूलाबाद माइनर पटरी से निकल रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर माइनर में गिर गया शोरगुल सुनकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच कर युवक को बाहर निकाला और इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। सदर कोतवाली क्षेत्र के पटका पुर गांव निवासी उमाशंकर पुत्र पप्पू शनिवार की रात आसीवन थाना क्षेत्र के मौलबी खेडा गांव बुआ के यहां त्योहारी देने के लिए जा रहा था इसी बीच रसूलाबाद माइनर पटरी पर नौगवां गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर माइनर में गिर जाने से युवक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## गोबर के उपले पथाने को लेकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के कन्हैया खेड़ा गांव में गोबर के उपले पाथने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ यह मामला देखते ही देखते महिलाओं के बीच मारपीट और फिर पुरुषों की दखलअंदाजी के साथ गंभीर झड़प में बदल गया। इस घटना में एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, गांव में उपले पाथने को लेकर पहले महिलाओं के बीच बहस हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान एक पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। विवाद बढ़ने पर एक पुरुष ने बुजुर्ग महिला रामादेवी पर लाठी से वार किया, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ीं। हमलावर उन्हें घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल बुजुर्ग महिला को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे महिलाओं के बीच हाथापाई हो रही है और एक व्यक्ति बुजुर्ग महिला पर लाठी से हमला कर रहा है। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में रोष व्याप्त है। पीड़िता रामादेवी और उनके परिजनों का आरोप है कि दबंगों ने जमीन पर कब्जा करने की नीयत से जानबूझकर हमला किया। उनका कहना है कि यह विवाद केवल उपले पाथने का नहीं, बल्कि पहले से चले आ रहे जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। इसी कारण आरोपियों ने मौका पाकर हमला किया। इस घटना के संबंध में पीड़िता ने औरास थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और उसमें दिख रहे लोगों की पहचान की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विभाग को बिना सूचना दिये भागा डाकपाल जिम्मेदारों पर मिलीभगत का आरोप

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के जमीपुर शाखा डाकघर का डाकपाल छुट्टी लेकर जाने के तीन माह बाद भी वापस नही लौटा। अभी तक शाखा डाकपाल पर विभागीय कार्रवाई न होने से ग्रामीण जिम्मेदारों पर मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक बिहार उपडाकघर अंतर्गत जमीपुर शाखा डाकघर पर तैनात उपडाकपाल बनोत सुनील अक्टूबर माह में मां की तबियत का हवाला देकर छुट्टी पर गया था। वह मुख्य रूप से तेलांगना का रहने वाला था। लगभग दो वर्ष पूर्व उसकी तैनाती जनपद के जमीपुर शाखा डाकघर पर हुयी थी। अक्टूबर माह में वह मां की तबियत का हवाला देकर छुट्टी पर गया था। तब से वापस नही लौटा। विभागीय जिम्मेदार उसके वापस न होने पर मामले को ठंडे बस्ते में डालकर रखे रहे। अब ग्रामीण उसके अभी तक वापस न होने पर गबन का आरोप लगा रहे । ग्रामीणों का कहना है कि वह क्यों भगा और कितना गबन कर गया है। इसकी विभाग को शीघ्रता से जांच करनी चाहिए। तीन माह बीत जाने के बाद भी अभी तक विभागीय कार्रवाई न होने पर ग्रामीण मामले में जिम्मेदारों पर संलिप्तता का आरोप लगा रहे है। बीघापुर उपमंडल निरीक्षक विश्वजीत सिंह ने बात करने पर बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कितना गबन हुआ है क्यों गया है यह अभी स्पष्ट नही हो सका है। मामले की जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी जायेगी। यहां तैनात उपडाकपाल से भी संपर्क के प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन उसका फोन नही उठ रहा है।

## निरंकारी मिशन ने विशाल सतसंग का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के फरहदपुर आम मंडी मे निरंकारी मिशन द्मा एक विशाल सतसंग का आयोजन किया गया । जिसमें निरंकारी अनुयायियों ने हजारों की संख्या मे पहुंच कर भक्ति विभोर होकर सतसंग का आनंद लिया

सतसंग की शुरूआत मंगलाचरण गा कर हुई

हे समरथ परमात्मा ।हे निरगुण निरंकार ।तू कर्ता है जगत का ।

तू सबका आधार।

सतसंग को मुख्य अतिथि के रुप मे सम्बोधन के दिल्ली से पहुंचे निरंकारी मिशन के मेम्बर इंचार्ज सेवादार के संत परमपूज्य मनमोहन छाबड़ा जी ने मंच के सामने बैठे हजारों निरंकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा हमारा लक्ष्य ही सत्य का सतसंग करने का संकल्प है जीवन मे लोक और परलोक के लिए जीवन मे सतसंग जरूरी है भक्ति यही से प्रारंभ होती है ब्रह्म ज्ञान के बाद जो परिवर्तन आया है सारे कार्य छोड़कर सतसंग मे जाना जरूरी है रज रज मे निरंकार को पीना है सभी रिस्ते नाते छोड़कर निराकार के ज्ञान से जोडना है जीवन मे सुधार आना चाहिए निरंकारी मिशन 1929से ज्ञान दे रहा है जिसकी शुरूआत पेशावर से हुई थी आज छठी पीढी मे माताजी सुदीक्षा सविंदर हरदेव महराज दे रही है निरंकार तो हमेशा था जब सूरज चांद नही थे सतगुरु ने ईश्वर की पहचान कराई है निरंकार के काल मे हम मानव जीवन जी रहे हैं सदगुरु की शिक्षाओं की महक निरंकारियों के किरदार मे दिखनी चाहिए पहले अपनेआप को संवारना है पांच प्रण जीवन मे एक्टिव होने चाहिए जैसे तन। मन ।धन ।परमात्मा का है दूसरा प्रण ।किसी के खाने ।पीने सर घृणा नही करना है। तीसरा किसी के पहनावे पर नफरत नही करनी हैं ।चौथा प्रण बेष धारी साधुसंत नही बनना है गृहस्थ में ही जीवन बीतीत करना है ।पांचव प्रण मे। मिशन मे सदगुरू द्मा जो दिया गया ज्ञान किसी के आगे नही खोलना है बिना आदेश मंच का संचालन कानपुर के अजय गुप्ता ने किया इस मौकेपर हसनग के ब्रांच के डा 0 छेदी लाल सिंह सेवादल संचालन रवि मौर्य ।डा 0अमित कुमार सिंह ।रामनाथ एडवोकेट ।विपिन पाला।

## सिपाही ने युवक को जमकर पीटा एसपी ने किया निलंबित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित गदनखेड़ा में एक सिपाही द्वारा युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जयप्रकाश सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी सिपाही जितेंद्र सिंह तोमर को निलंबित कर दिया है और उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। गदनखेड़ा निवासी सत्यम सिंह ने आरोप लगाया है कि सिपाही जितेंद्र सिंह तोमर ने उसे रास्ते में रोका और बिना किसी उकसावे के गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सत्यम ने इसका विरोध किया, तो सिपाही ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में सत्यम सिंह के सिर और नाक पर गंभीर चोटें आईं। वह मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़ित सत्यम सिंह का आरोप है कि सिपाही ने जान से मारने की नीयत से हमला किया और अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गुंडई दिखाई। घटना के बाद आरोपी सिपाही मौके से फरार हो गया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित ने सदर कोतवाली में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लिया। एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने प्रारंभिक जांच के आधार पर सिपाही जितेंद्र सिंह तोमर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून के रक्षकों द्वारा कानून तोड़ने की किसी भी स्थिति में अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि सिपाही दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आम जनता की सुरक्षा करने वाले ही इस तरह का व्यवहार करेंगे तो लोगों का भरोसा पुलिस से उठ जाएगा। वहीं पुलिस प्रशासन ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी और पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

## संक्षेप

### सीआरपीएफ सेंटर में 1659 नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह

**देश के विभिन्न हिस्सों में तैनात होकर दुश्मनों से लोहा लेंगे**

अमेठी, त्रिशुण्डी स्थित सीआरपीएफ रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र में 16वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कुल 1659 नव आरक्षी शामिल हुए, जो देश के विभिन्न राज्यों से आए थे। ये सभी जवान अब देश के अलग-अलग हिस्सों में तैनात होकर राष्ट्र की सेवा करेंगे और दुश्मनों का सामना करेंगे। इन 1659 आरक्षियों में पश्चिम बंगाल से 250, बिहार से 194, असम से 188, तेलंगाना से 142, आंध्र प्रदेश से 130, झारखंड से 126, छत्तीसगढ़ से 109 और जम्मू-कश्मीर से 94 आरक्षी शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को सम्मानित किया गया। इनमें ऑल अराउंड बेस्ट और बेस्ट इन आउटडोर के लिए रामकेश रावत, बेस्ट इन इनडोर के लिए भीतान्डे शुभम, बेस्ट इन वेपन हैंडलिंग के लिए आरक्षी आकाश लोधी, बेस्ट इन ड्रिल के लिए आरक्षी मोव्वा दिनेश, बेस्ट इन फिजिकल के लिए तपरे धीरज, बेस्ट फायर के लिए वाल्के अनिकेत कुंजाराम, बेस्ट इन बीओएसी के लिए आकाश कुमार और बेस्ट स्पोर्ट पर्सन के लिए यू अनिल कुमार शामिल थे। इसके अतिरिक्त, बेस्ट ट्रेनर का सम्मान हवलदार साबिर खान को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय पुलिस सेवा के विशेष महानिदेशक जकी अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारे देश के सामने अनेक समस्याएं हैं। उन्होंने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की बहुआयामी भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि बल को राष्ट्र विरोधी तत्वों का सामना करने के साथ-साथ सांप्रदायिक दंगों और चुनाव ड्यूटी जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं। अहमद ने बताया इन जवानों को उच्च कोटि का प्रशिक्षण दिया गया है

### पुलिस को शिकायत निस्तारण में प्रदेश में पहला स्थान

**एसपी अपर्णा रजत कौशिक के प्रयासों से मिली सफलता, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता**

अमेठी , उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी इंटीग्रेटेड शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की दिसंबर 2025 की मासिक रैंकिंग में अमेठी पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। जनपद ने 100% अंकों के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन में प्राप्त हुई। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह (नोडल अधिकारी आईजीआरएस) के पर्यवेक्षण और प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक चन्द्रशेखर के नेतृत्व में थानों पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया गया। शासन द्वारा यह मासिक रैंकिंग शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण और शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए संतुष्टि फीडबैक के आधार पर जारी की जाती है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय और जनपद के थानों में आईजीआरएस में नियुक्त पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की।

## नवाबगंज में आयोजित हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

### एकता और संगठित रहने का दिया गया मंत्र

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। बहराइच के नवाबगंज में हिंदू समाज के तत्वावधान में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार को बाबा मंगली नाथ शिव मंदिर परिसर में हुए इस आयोजन में रविशंकर महाराज ने मस्जिद, मदरसा और मिशनरियों से सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने हिंदू समाज को संगठित होकर एकजुट रहने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कथावाचक रविशंकर महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए पहले स्वयं में परिवर्तन लाना होगा। रविशंकर महाराज ने कहा कि जब तक हम स्वयं नहीं बदलेंगे, तब तक समाज को संगठित करना संभव नहीं है। उन्होंने वर्तमान में भारत में हिंदू समाज की सुरक्षा को लेकर उत्पन्न हो रही चुनौतियों का मूल कारण सामाजिक भेदभाव और आपसी बिखराव बताया। महाराज ने विशेष रूप से आगाह किया कि जहां मस्जिद, मदरसा बन रहे हों या मिशनरी के लोग दिखाई दे रहे हों, वहां सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि अन्यथा इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सह प्रांत कार्यवाहक अवध प्रांत संजय ने भी सनातनियों को संगठित होने पर जोर दिया। इस अवसर पर संयोजक डॉ. शिवेंद्र, सह संयोजक अतुल सिंह, पिंटू गुप्ता, मनीष पांडेय, हर्षित सिंह, रिंकू सिंह, अनूप मिश्रा, आशीष पांडे, आशीष त्रिपाठी सहित ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह और रूपईडिहा चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य आदि मौजूद रहे और अपने विचार व्यक्त किए।

## बलहा विधानसभा के ग्राम नन्हू जोत में आयोजित हुआ कम्बल वितरण कार्यक्रम

### विधायक सरोज सोनकर ने एसडीएम के साथ वितरित किये कम्बल

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। निर्धन, असहाय व निराश्रितों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम नन्हू जोत में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर ने उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के साथ 350 जरूरतमन्दों को कम्बल का वितरण किया। तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा आयोजित कम्बल वितरण शिविर के अवसर पर विधायक बलहा श्रीमती सोनकर ने कहा कि कम्बल वितरण से जरूरतमन्द लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने जिला प्रशासन विशेषकर उप जिलाधिकारी की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि जनसेवा ही जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का प्रमुख दायित्व है।ऐसे कार्यक्रमों से समाज के कमजोर वर्ग को संबल मिलता है।विधायक बलहा ने समाज के सक्षम व्यक्तियों का आहवान किया कि वे भी ऐसे पुनीत कार्यों में भागीदार बने। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने कहा कि शासन व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि संवेदनशील एवं सक्रिय रहते हुए सभी चिन्हित जरूरतमन्दों तक समय से सहायता पहुंचायी जाये।इस असवर पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय व बलहा के हर्षित, थानाध्यक्ष नानपारा, राजस्व विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या ग्रामवासी मौजूद रहे।

## धान खरीद लक्ष्य के करीब

**1.08 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा, किसानों को 246 करोड़ का भुगतान**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , धान खरीद अपने निर्धारित लक्ष्य के करीब पहुंच गई है। जिले में अब तक 1 लाख 8 हजार 370 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है, जो कुल लक्ष्य का 77 प्रतिशत है। किसानों को 246 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। शासन द्वारा अमेठी जिले के लिए 1 लाख 40 हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिला प्रशासन के निर्देशन और जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा के प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। जिले भर में कुल 109 खरीद केंद्रों पर धान की खरीद की जा रही है। अब तक 17 हजार 311 किसानों से धान खरीदा गया है। कुल 22 हजार 608 किसानों ने धान बेचने के लिए अपना पंजीकरण कराया था। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि सभी 109 केंद्रों पर धान खरीद की प्रक्रिया लगातार जारी है और जिला अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि धान बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के भीतर उनके धान का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में भेज दिया जाता है।



## राजकीय हाई स्कूल बदरौली में कैरियर मेला आयोजित

### वार्षिकोत्सव और पुरा छात्र सम्मेलन भी, यूनिसेफ के तत्वाधान में हुआ

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। राजकीय हाई स्कूल बदरौली, कैसरगंज, बहराइच में शनिवार को समग्र शिक्षा अभियान और यूनिसेफ पंख पोर्टल के तत्वावधान में एक वृहद कैरियर मेला, वार्षिकोत्सव और पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्या नीतू की अध्यक्षता में विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर छात्राओं और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी खूब सराहना हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैसरगंज थाने के प्रभारी एसएसआई राजेश शुक्ला थे, जबकि विशिष्ट अतिथि गोड़हिया नंबर 4 के प्रधानाध्यापक रामदेव रहे। प्रधानाध्यापक रामदेव ने छात्रों को कैरियर मेले में विभिन्न विकल्प चुनने के लिए अपने अनुभव साझा किए। उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों ने कैरियर हब का अवलोकन किया।थाना प्रभारी कैसरगंज और प्रधानाध्यापक ने छात्रों द्वारा लगाए गए विभिन्न कैरियर स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों को जीवन में अपने लक्ष्य को सदैव उच्च स्तर पर रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के समापन पर, पुरा छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, वर्ष भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों जैसे इको क्लब फॉर मिशन लाइफ, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, कैरियर गाइडेंस, टी.एल.एम., गणित एवं विज्ञान क्लब में भाग लेने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मेधावी छात्रों को मोमेंटो देकर भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अध्यापिका श्रीमती विभा सुनीता मौर्य, स्नेहा वर्मा, सुदामा देवी और स्पेशल एजुकेटर सपना सिंह का विशेष सहयोग रहा।अंत में, प्रधानाचार्या नीतू ने सभी अतिथिगणों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## संस्थान ने छात्रों को परीक्षा से रोका

**फॉर्म न भरे, रात 10 बजे बताया, सुबह 8 बजे था एग्जाम**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर, संकट मोचन शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, दोस्तपुर पर छात्रों को परीक्षा से रोकने का आरोप लगा है। धर्मपुर गोसैसिंहपुर निवासी रोली मिश्रा ने दावा किया है कि संस्थान ने उनका और कई अन्य छात्रों का परीक्षा फॉर्म नहीं भरा, जिससे उनका एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो गया। रोली मिश्रा के अनुसार, उन्होंने 18 जुलाई 2025 को संस्थान में एम.ए. (अंग्रेजी) में प्रवेश लिया था। परीक्षा फॉर्म भरने को लेकर कॉलेज प्रशासन लगातार यह कहकर टालता रहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर तकनीकी त्रुटि है। 8 जनवरी की रात लगभग 10 बजे, जब 9 जनवरी की सुबह 8 बजे परीक्षा निर्धारित थी, कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को बताया कि इस वर्ष आपका परीक्षा फॉर्म नहीं भरा जा सका, अगले साल का इंतजार करिए। रोली मिश्रा ने बताया कि उनके साथ कई अन्य छात्रों के भी परीक्षा फॉर्म नहीं भरे गए, जिसके परिणामस्वरूप सभी का एक पूरा शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो गया। छात्रा ने विश्वविद्यालय प्रशासन से इस मामले की तत्काल जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।



## अधेड़ का धड़ मिला, सिर गायब

### 24 घंटे बाद भी पुलिस को नहीं मिला सिर; तंत्र-मंत्र में हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , जायस थाना क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। देर रात अपनी भांजी के घर से निकले इस व्यक्ति का धड़ सुबह एक नाले के किनारे बरामद हुआ। घटना के 24 घंटे बाद भी मृतक का सिर नहीं मिल पाया है। यह घटना जायस थाना क्षेत्र के मोजमगंज पुल के पास सामने आई। सुबह ग्रामीणों ने नाले के किनारे सिर कटा शव देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू की। आसपास सिर की तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान प्रतापगढ़ जिले के विजय सिंह के रूप में हुई। विजय सिंह कपड़े का व्यवसाय करते थे। वह अपनी भांजी पूजा सिंह के जायस रेलवे स्टेशन रोड स्थित घर आए थे और देर रात वहां से निकले थे। पुलिस ने पूजा सिंह की तहरीर पर जायस थाने में अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच के लिए एसओजी और सर्विलांस सहित पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं, जो हत्यारों और मृतक के सिर की तलाश में जुटी हैं। जांच में सामने आया है कि मृतक विजय सिंह तांत्रिक भी थे और देवा शरीफ के भक्त थे। सूत्रों के अनुसार, उनकी तंत्र-मंत्र विद्या ही उनकी हत्या का कारण बनी हो सकती है।

## राम के नाम से विपक्ष को मिर्ची लगती है

### अलीगढ़ में गन्ना मंत्री बोले- अब हर युवा को मिलेगा रोजगार

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राम का नाम आते ही विपक्ष को चिढ़ होने लगती है। जहां भी राम शब्द आ जाता है, पता नहीं क्यों उन्हें मिर्च लग जाती है। मंत्री ने साफ किया कि जी राम जी कोई धार्मिक नारा नहीं है, बल्कि यह एक विकासात्मक योजना का शॉर्ट फॉर्म है, जिसका सीधा अर्थ विकसित भारत है। चौधरी लक्ष्मी नारायण अलीगढ़ में पत्रकारों से मनरेगा और इसके नए मॉडल श्इ-जी राम जी (विकसित भारत गारंटी-रोजगार एवं आजीविका मिशन) को लेकर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जी राम जी का पूरा नाम विकसित भारत गारंटी-रोजगार एवं आजीविका मिशन है। इस योजना का उद्देश्य हर नौजवान को रोजगार देना और हर गांव का सर्वांगीण विकास करना है। मंत्री ने कहा कि जब गांव का विकास होगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। यही सोच इस योजना की आत्मा है। विपक्ष बिना तथ्यों को जाने केवल नाम को लेकर राजनीति कर रहा है, जबकि यह योजना पूरी तरह विकास और रोजगार से जुड़ी हुई है।

#### चौधरी लक्ष्मी नारायण बोले-विपक्ष को जनता नकार चुकी है

चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि विपक्ष का इलाज वही है, जो जनता पहले कर चुकी है। जनता ने उन्हें नकारा है और आगे भी नकारती रहेगी। सरकार की प्राथमिकता हर हाथ को काम और हर गांव का विकास है।

#### चौधरी लक्ष्मी नारायण ने किया डीके शिवकुमार के बयान पर पलटवार

बेंगलुरु के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री ने कहा कि उन्हें कर्नाटक की नहीं, उत्तर प्रदेश और दिल्ली की ज्यादा चिंता है। उन्होंने चुनौती भरे लहजे में कहा कि अगर विपक्ष का कोई भी डिप्टी सीएम या मुख्यमंत्री ह्मजी राम जी योजना पर बहस करना चाहता है, तो वे इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। जी राम जी यानी विकसित भारत गारंटी-रोजगार एवं आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करना, आजीविका को मजबूत करना और गांवों को आत्मनिर्भर बनाना है

## जितिन प्रसाद का विपक्ष पर निशाना

### बोले- लोकसभा चुनाव से पहले फैलाया भ्रम, पदाधिकारियों ने किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने शाहजहांपुर में विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष ने यह भ्रम फैलाया था कि संविधान खत्म कर दिया जाएगा। प्रसाद ने जोर दिया कि आज देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने 'विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण योजना' का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष इस योजना को लेकर भी भ्रांतियां फैला रहा है। उनका आरोप था कि विपक्ष का उद्देश्य तथ्यों से हटकर जनता के सामने भ्रामक प्रचार करना है। प्रसाद ने बताया कि पिछले योजनाओं में सामने आई कमियों को दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कुछ ग्रामीण योजनाएं ऐसी थीं जिनके तहत किए गए कार्य अस्थायी होते थे और लोगों को उनका पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। उन्होंने कहा कि अब 'विकसित भारत ग्रामीण योजना' के तहत सभी कार्य जियो-टैग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके किए जाएंगे। इन कार्यों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करना है। मंत्री ने जोर दिया कि केवल विकास पर्याप्त नहीं है; इसके साथ रोजगार भी मिलना चाहिए। 'विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण योजना' इसी उद्देश्य से लाई गई है, ताकि विकास और रोजगार दोनों साथ-साथ चलें। इस योजना में कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) भी शामिल है, जिसका अर्थ है कि लोगों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रसाद ने कहा कि अब जो भी काम होंगे, वे स्थायी प्रकृति के होंगे, जैसे कि इमारतों का निर्माण।



उन्होंने स्पष्ट किया कि पुराने तरीके अब बदल गए हैं। उन्होंने मनरेगा का भी जिक्र किया, जिसे 2005 में पारित किया गया था और अब उसे 20 साल पूरे हो गए हैं। मंत्री ने कहा कि समय के साथ सब कुछ बदलता है, और विशेष रूप से 2014 के बाद से भारत तेजी से प्रगति कर रहा है

## कड़ाके की ठंड में अर्धनग्न कर युवक की पिटाई

### हार्डवेयर गोदाम में घुसा था; जमीन पर लिटाकर मारे लात-घूंसे

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , हार्डवेयर गोदाम में चोरी करते एक युवक रंगेहाथ पकड़ा गया। भीषण ठंड में उसे अर्द्ध नग्न कर बेरहमी से पीटा गया। जमीन पर लिटाकर बाल खींचे और लाठी-डंडों से वार किए। लात-घूंसे मारकर उसे अधमरा कर दिया। करीब 15 मिनट तक 10 से ज्यादा लोग युवक की पिटाई करते रहे। वह चीखता-चिल्लाता रहा, रहम की भीख मांगता रहा। करीब आधे घंटे बाद पुलिस पहुंची और युवक को गुस्साई भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस अस्पताल पहुंची, प्राथमिक इलाज कराया। इसके बाद थाने लाकर पूछताछ की। घटना देर रात की जिला मुख्यालय से 27 किलोमीटर दूर पट्टी कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे की है



**हार्डवेयर गोदाम में घुसा था चोर, खटपट से खुली पोलः** पट्टी कस्बे के रायपुर रोड स्थित सना इंटरप्राइजेज नाम से एक हार्डवेयर की दुकान है। दुकान के पीछे ही उनका गोदाम भी है। देर रात चोरी के इरादे से पीछे के दरवाजे को काटकर एक युवक अंदर घुस गया। गोदाम के अंदर सामान खंगालते वक्त खटपट की आवाज से आसपास के कुछ दुकानदार जग गए। **स्टोर रूम में छिपा मिला, पकड़कर बाहर घसीटा गयाः** दुकानदारों ने गोदाम मालिक को बुलाया। जब कुछ लोग अंदर गोदाम में पहुंचे तो चोर स्टोर रूम में छिप गया। लोगों ने स्टोर रूम में छिपे चोर को पकड़ लिया। उसे घसीटते हुए बाहर लेकर आए **कपड़े फाड़े, जमीन पर लिटाकर 15 मिनट तक पिटाईः** गुस्साए लोगों ने युवक के कपड़े फाड़ दिए।

## 87 हजार रिश्वत लेते लिपिक गिरफ्तार

### नगर पालिका कार्यालय में एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , एंटी करप्शन टीम ने नगर पालिका कार्यालय में तैनात लिपिक प्रशांत को 87,500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित नगर पालिका कार्यालय में की गई। इस गिरफ्तारी के बाद ढकवा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) अभिनव यादव के खिलाफ भी भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है। लिपिक प्रशांत नगर पालिका में कार्यरत था और उसके पास ढकवा नगर पंचायत का भी प्रभार था। आरोप है कि उसने एक ठेकेदार से टेंडर का कार्य शुरू कराने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। ठेकेदार ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की, जिसके बाद टीम ने मामले का सत्यापन किया और जाल बिछाया। पूर्व नियोजित योजना के तहत, ठेकेदार ने नगर पालिका कार्यालय में लिपिक प्रशांत को रिश्वत की रकम दी। इसी दौरान एंटी करप्शन टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। टीम ने प्रशांत के पास से 87,500 रुपये बरामद किए। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर, ढकवा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) अभिनव यादव के खिलाफ भी भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि ईओ के निर्देश पर ही ठेकेदार से टेंडर के बदले रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस मामले में दोनों की भूमिका सामने आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, लिपिक प्रशांत को कुछ समय पहले निलंबित किया गया था। निलंबन के बावजूद वह कार्यालय में काम कर रहा था और ठेके से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा था। इस संबंध में पहले भी सवाल उठाए गए थे।

## संक्षेप

### डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**जिला उद्योग-व्यापार बंधु बैठक में की चर्चा, समस्याओं के समाधान पर दिया जोर**

बागपत , जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में उद्योगों और व्यापार से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना तथा निवेश एवं व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उद्योगपतियों और व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें। उन्होंने लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डीएम ने बिजली, पानी, सड़क, प्रदूषण नियंत्रण, श्रम विभाग, जीएसटी, फायर सेफ्टी और बैंकिंग सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्योगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिन इकाइयों को विद्युत कनेक्शन, जल आपूर्ति या अन्य स्वीकृतियों में समस्या आ रही है, उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने बाजारों में पार्किंग, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, अतिक्रमण और सुरक्षा से संबंधित विषय उठाए। इस पर जिलाधिकारी ने नगर निकाय और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था और स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शासन की औद्योगिक योजनाओं और सब्सिडी की जानकारी उद्योगपतियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, उद्योग संघों के प्रतिनिधि और व्यापारी उपस्थित रहे। अंत में, जिलाधिकारी ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन और उद्योग-व्यापार जगत मिलकर जिले के आर्थिक विकास को नई गति देंगे।

### सीओ ने आरटीसी कार्यालय का निरीक्षण किया

**व्यवस्थाओं का मूल्यांकन कर दिए आवश्यक निर्देश, कई अधिकारी मौजूद रहे**

बागपत , एसपी सूरज राय के निर्देश पर सीओ विजय चौधरी ने आरटीसी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, अनुशासन और समग्र व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के दौरान सीओ ने कार्यालय में रखे सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों की बारीकी से जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि अभिलेख समय पर अद्यतन हैं और उनका रखरखाव व्यवस्थित तरीके से हो रहा है। इसके अतिरिक्त, कार्यालय में साफ-सफाई, अनुशासन, कर्मचारियों की उपस्थिति और उनके कार्य निष्पादन की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। सीओ विजय चौधरी ने कर्मचारियों से उनके दैनिक कार्यों, लंबित प्रकरणों और शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

# आरपीएल प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों का हैरत अंगेज प्रदर्शन

## हंक इलेवन भलिगवां टीम ने बाला जी स्ट्राइकर लखनऊ की टीम को हराकर जीती चैंपियन ट्रॉफी

### 85 रनों का लक्ष्य बना पहाड़

अमन लेखनी समाचार




जहानाबाद, फतेहपुर। क्षेत्र के ग्राम बुढ़वा आईटीआई मैदान में विगत 10 दिनों से चल रहे प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में दर्शकों के विशाल जन समुदाय ने खिलाड़ियों के हैरत अंगेज मुकाबला का आनंद लिया पूर्व कारागार मंत्री एवं बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ कर संबोधित करने के साथ ही क्रिकेट पिच पर बैटिंग कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया पहले बल्लेबाजी कर हंक इलेवन भलिगवां की टीम के खिलाड़ियों ने 85 रन बनाये जवाब में उतरी बालाजी स्ट्राइकर लखनऊ की पूरी टीम 83 रन पर आल आउट हो गई इस दौरान यूपी महिला क्रिकेट ऐसोसिएशन की उपाध्यक्ष अलका सिंह फुटबॉल खिलाड़ी शब्बीर हसन पूर्व शिक्षक विधायक लवकुश मिश्रा जिला पंचायत प्रतिनिधि बृजेश पटेल जयंती वर्मा कुश वर्मा जहानाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष आबिद हसन समेत बड़ी संख्या में अतिथियों ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया आयोजित आरपीएल प्रीमियर लीग के अध्यक्ष सर्वेश तिवारी अध्यक्ष राजकुमार वर्मा वाइस चेयरमैन अविराम मोनू मिश्रा विराट शुक्ला मोहम्मद हसन राजेश उत्तम श्रीकांत उत्तम ग्राम प्रधान सनोज कुमार धीरेंद्र आशीष समेत सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए दर्शकों के विशाल जन समुदाय का आभार व्यक्त किया पदाधिकारियों ने बताया कि अगले वर्ष 2 जनवरी 2027 में प्रीमियर लीग के सीजन 3 का भव्य आयोजन किया जाएगा

# चोरों के आगे छोटे पड़ रहे प्रशासन के हाथ

## प्रशासन का छूटा पसीना कुलखेड़ा गांव की चोरियों का नहीं हो सका खुलासा

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह की कटिबद्धता के बाद भी अपराध नियंत्रण होना जगह-जगह मुश्किल दिख रहा है विगत नवंबर माह से चांदपुर थाना क्षेत्र के कुलखेड़ा गांव में हुई कई चोरियों का खुलासा प्रशासन लाख कोशिश करने के बाद नहीं कर पा रहा है हाल ही में लगातार हुई चोरियों की लिखित तहरीर के बाद भी थाना प्रभारी समेत पुलिस बल ने तहकीकात करते हुए कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की परंतु शातिर चोर पुलिस गिरफ्त से अभी तक बाहर नजर आ रहा है ग्रामीणों में पूर्ण रूप से दहशत का माहौल है जहां ग्रामीण संपूर्ण रात्रि जाग कर स्वयं अपनी रक्षा कर रहे हैं वही विस्वस्त सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही प्रशासन द्वारा खुलासे का आश्वासन मिला देखना यह है कि आखिर गांव में हुए अनेक अपराधों का बादशाह कब तक प्रशासन के चंगुल से भागेगा

# कुख्यात उधम सिंह को 34 महीने की सजा

- 15 साल पुराने मुकदमे में कोर्ट ने फैसला सुनाया, अभी उन्नाव जेल में बंद है

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सरूरपुर थाना क्षेत्र के कस्बा करनावल के रहने वाले कुख्यात गैंगस्टर उधम सिंह को साल 2008 में दर्ज एक मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। न्यायालय ने उसे दो वर्ष दस माह की सजा सुनाई है, साथ ही पांच हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। उधम सिंह पर जमानत पर रहते हुए अवैध लाभ कमाने और क्षेत्र में डर का माहौल बनाने का आरोप था। पुलिस जांच और गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने फैसला सुनाया। फिलहाल उधम सिंह अन्य मामलों में उन्नाव जेल में बंद है और पुलिस प्रशासन ने इस सजा को कानून-व्यवस्था के लिए अहम बताया है। 2008 के मुकदमे में हुई सजासीओ सरधना आशुतोष कुमार ने बताया कि 15 जुलाई 2008 को सरूरपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी संजीव चौहान ने उधम सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उधम सिंह जमानत पर रहते हुए अवैध आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से क्षेत्र में भय का माहौल बना रहा था। मामले की जांच पूरी कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। फिलहाल उन्नाव जेल में है बंद सुनवाई के दौरान पुलिस पक्ष की ओर से गवाहों के बयान और साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने उधम सिंह को दोषी मानते हुए सजा का एलान किया। बताया गया कि कुख्यात उधम सिंह वर्तमान में अन्य मामलों में उन्नाव जेल में बंद है।

# दहशत में श्रेया, सपने में आ रहा वह डरावना मंजर

## 5 माह की प्रेग्नेंट महिला के पेट पर दबंगों ने मारी थी लात, बोलीं- क्या यही है महिला सुरक्षा

अमन लेखनी समाचार



बहुत बुरे-बुरे सपने आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि अभी उन आरोपियों की भीड़ घर में घुस आएगी और हम पर हमला कर देगी। मेरा इतना स्पेशल दिन ऐसे खत्म होगा, नहीं सोचा था। एक अजीब सी दहशत दिल में घर कर गई है।' यह कहना है सदर बाजार इलाके में 6 जनवरी की शाम रोडरेज की घटना का शिकार हुई 5 माह की गर्भवती श्रेया का। श्रेया उस दिन अपना और अपने पिता का जन्मदिन मनाकर पति दीपक के साथ ससुराल लौट रही थी। बीच रास्ते में कुछ लोगों ने उनका ना केवल पीछा किया, बल्कि उन पर हमला भी कर दिया। तीन दिन बाद भी वह डरी हैं। श्रेया कहती हैं- जो कुछ हुआ, उसके बाद इंसानियत से भरोसा उठता जा रहा है। आखिर कोई इतना निर्दयी कैसे हो सकता है।

### अब जानते हैं श्रेया की जुबां से पूरी घटना

शाम करीब सवा आठ बजे का समय था। मैं अपने पति दीपक के साथ मायके से ससुराल के लिए चल दी। कासमपुर फाटक के पास मोड़ पर अचानक सामने से रान्ग साइड स्कूटी सवार अंकल आ गए। उनका हैंडल हमारी कार से टकरा गया लेकिन हम नजर अंदाज कर आगे बढ़ गए। करीब 500 मीटर आगे अचानक वह अंकल दोबारा उनकी कार के बराबर में आ गए और जबरन कार रुकवाने का प्रयास किया। तब पता चला कि वह पीछा कर रहे हैं। दीपक ने गाड़ी दौड़ा दी। औघड़नाथ मंदिर तक भी पीछा किया गया, जिसके बाद दीपक ने सुरक्षित स्थान मानते हुए अपने जानकार के होटल के बाहर कार रोक दी।

# प्रभारी मंत्री ने रैनबसेरों का निरीक्षण किया, व्यवस्थाएं परखीं

- मेरठ में लोगों से पूछा- कोई पैसे तो नहीं मांगता

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने को शहर में संचालित रैनबसेरों और शीतकालीन व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और संबंधित अधिकारियों को ठंड के मौसम में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बच्चा पार्क से तिरंगा गेट तक व्यवस्थाओं की जांच निरीक्षण की शुरूआत बच्चा पार्क चौराहा स्थित रैनबसेरे से हुई। इसके बाद मंत्री तिरंगा गेट स्थित रैनबसेरे पहुंचे और वहां ठहरे लोगों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से पूछा कि कहीं उनसे ठहरने के बदले पैसे तो नहीं लिए जा रहे हैं। ठंड से मौत न हो, जिम्मेदारी तय करें: मंत्री मंत्री ने मौके पर मौजूद नगर आयुक्त को रैनबसेरों में साफ-सफाई, कंबल और अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह से उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ठंड के कारण किसी भी व्यक्ति की जान न जाए। अलाव और अस्थायी रैनबसेरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश इसके बाद प्रभारी मंत्री ने भैंसाली बस स्टैंड पर बनाए गए अस्थायी रैनबसेरे और अलाव का निरीक्षण किया। उन्होंने शीत लहर से बचाव के लिए प्रमुख मार्गों और चौराहों पर अलाव की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अस्थायी रैनबसेरे में बढ़ेगा एक और शेड भैंसाली बस स्टैंड स्थित नगर निगम द्वारा संचालित अस्थायी रैनबसेरे में एक अतिरिक्त शेड बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए

# हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर किया प्रदर्शन

## गाजियाबाद में तलवारें बांटने वाले पिंकी चौधरी की अरेस्टिंग का जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, कविनगर थाने की पुलिस ने समझाने का प्रयास किया तो कार्यकर्ता नाराज हो गए। हंगामे की सूचना पर एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य भी मौके पर पहुंचे। 29 दिसंबर को बांटी थी तलवारेंहिंदुवादी नेता पिंकी चौधरी ने शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में 29 दिसंबर को तलवार वितरित की थी। जिसमें कहा था कि आज हिंदु असुरक्षित हैं। हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर तलवारें बांटी गई। जिसके बाद शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने पिंकी चौधरी सहित 16 लोग को और 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज किया। जिसमें पुलिस ने पिंकी चौधरी समेत 10 कार्यकताओं को जेल भेजा। हिंदुओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं हिंदु रक्षा दल के प्रदेश संयोजक गौरव सिसोदिया ने कहा- कि गाजियाबाद पुलिस ने जिस प्रकार से पिंकी चौधरी के खिलाफ गंभीर धारों में मुकदमा दर्ज किया है। वह गलत है क्या ? हिंदू अपनी रक्षा नहीं कर सकता, जिस प्रकार से बांग्लादेश के हालात हैं और जिस प्रकार से कश्मीर के अंदर भी कश्मीरी पंडितों को भगाया गया था, क्या हिंदू अपनी रक्षा करने का कोई अधिकार नहीं रखते हैं। हिंदुओं की रक्षा के लिए बांटी तलवारें हिंदुओं की रक्षा करने के लिए पिंकी चौधरी ने तलवार वितरित की थीं। हालांकि उनके समर्थन में गाजियाबाद डासना मंदिर के प्रमुख और महामंडलेश्वर यति नरसिंह नंद गिरी और साध्वी प्राची ने भी कहा कि पिंकी चौधरी ने तलवार वितरित करने का कोई भी गलत कार्य नहीं किया है।

# पिता बोले-बेटी की शादी तय थी, दरिंदा उठा ले गया

## दलित मां की अर्थी अब तक नहीं उठी सपा विधायक- पुलिस में धक्का-मुक्की

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, दलित महिला की हत्या कर उसकी बेटी को अगवा करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आरोपी कंपाउंडर की गिरफ्तारी और लड़की की सकुशल बरामदगी तक परिजनों ने महिला के शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। अधिकारी लगातार मान-मनौव्वल में जुटे हुए हैं। लड़की के पिता का कहना है कि शादी तय हो चुकी थी। दरिंदों ने सब बर्बाद कर दिया। भाई ने बहन की जान को खतरा बताया है। इस मुद्दे पर सियासत भी तेज है। सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान आज कपसाड़ गांव में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। पुलिस ने गांव में घुसने से रोक दिया। अतुल प्रधान और उनके समर्थकों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। वह गांव के बाहर धरने पर बैठ गए। करीब ढाई घंटे बाद प्रशासन ने अतुल प्रधान को परिवार से मिलने की अनुमति दी। उन्होंने लगभग एक घंटे तक पीड़ित परिवार से बातचीत की। उधर, सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार से फोन पर बात की। आजाद समाज पार्टी और भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता भी गांव पहुंचने लगे हैं। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने गांव में 10 थानों की पुलिस, फअऋ और ढअउ तैनात कर दी इस बीच प्रशासनिक अधिकारी एक बार फिर पहुंचे और मृतका के पति सत्येंद्र को पंचायत भवन लेकर आए। परिवार ने उनके सामने 4 मांगें रखी हैं, पहली- बेटी को ढूंढा जाए, दूसरी- 50 लाख की आर्थिक मदद, तीसरी- सरकारी नौकरी और चौथी- शस्त्र लाइसेंस। प्रशासन उन्हें अंतिम संस्कार के लिए मनाने की कोशिश कर रहा है।

### कमिश्नरी से चले जुलूस के रूप में

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी और सपा नेता हिमांशु सिद्धार्थ के नेतृत्व में कार्यकर्ता कमिश्नरी पार्क में एकत्र हुए। यहां से कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में आगे बढ़े। इस दौरान सपा कार्यकताओं के हाथ में पुतला देखकर पुलिस में खलबली मच गई। सपा कार्यकताओं के एकत्र होने की सूचना पर पुलिस अलर्ट हो चुकी थी। पहले पुलिस को यह बताया गया कि सपाई अपराध का पुतला जलाएंगे लेकिन कमिश्नरी के गेट के ठीक सामने अचानक प्रदेश सरकार और योगी-मोदी मुदार्बाद के नारे लगाते हुए

सपा कार्यकर्ताओ ने पुतला जलाने की कोशिश की।

# जेवर में बैंककर्मी की मौत

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी, साथी वेंटिलेटर पर

अमन लेखनी समाचार



जेवर , ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बैंककर्मी हिमांशु अग्निहोत्री (31) की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। यह हादसा जेवर-खुर्जा मार्ग पर गांव खाजपुर गूल के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, नोएडा के सेक्टर-12 निवासी हिमांशु अग्निहोत्री और हरियाणा के सोनीपत स्थित अशोक नगर निवासी गौरव छाबड़ा जेवर के थोरा गांव में स्थित एक बैंक शाखा में कार्यरत थे। सुबह दोनों बुलेट बाइक से नोएडा से बैंक ड्यूटी के लिए जेवर जा रहे थे। खाजपुर गूल गांव के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत दोनों घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने इलाज के दौरान हिमांशु अग्निहोत्री को मृत घोषित कर दिया, जो बैंक में उपप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। वहीं, गौरव छाबड़ा की हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि आरोपी कार चालक विशाल, निवासी रबूपुरा, को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नोएडा में फोरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर ठगी

## आरोपी गिरफ्तार, 4.60 लाख रुपए नगद बरामद, बैंक में जमा 2 लाख रुपए फ्रीज

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, फारेक्स क्वाइन ट्रेडिंग करने के बहाने एक व्यक्ति पीड़ित की कार से 10 लाख रुपए का बैग लेकर भाग गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना सेक्टर-20 पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी शिखर खुराना को मल्टीलेवल कार पार्किंग के फुटपाथ से गिरफ्तार किया। इसके पास से 4.60 लाख नगद और खाते में जमा करीब दो लाख रुपए फ्रीज कराए गए।




### 10 लाख कैश लेकर पहुंचा

पीड़ित सचिन रागी ने सोनीपत के रहने वाले है। 5 जनवरी को उसकी बात शिखर से फोरेक्स क्वाइन लेने पर बात हुई थी। शिखर ने उसे सेक्टर-18 के डीएलएफ मॉल के पास मिलने बुलाया था। पांच जनवरी को ही शाम करीब साढ़े सात बजे करीब 10 लाख रुपए कैश लेकर डीएलएफ मॉल के पास पहुंचा।

### गाड़ी से पैसे लेकर भागा

वहीं शिखर खुराना भी पहुंचा। हम दोनों गाड़ी में बैठकर बात कर रहे थे। उसने मुझे फोरेक्स क्वाइन का स्क्रीन शॉट दिखाया। स्क्रीन शॉट देख ही रहा था। इसी दौरान वो 10 लाख से भरा बैग लेकर कार से उतरा गया और भाग गया। स्क्रीन शॉट के बारे में जानकारी की तो वो फर्जी निकला। मैने से फोन किया तो उसने कोई सही जवाब नहीं दिया। वो पैसे लेकर आने के लिए बोला लेकिन आया नहीं।

### आरोपी से हो रही पूछताछ

ठगी की आशंका होने पर थाना सेक्टर-20 पुलिस से शिकायत की।

# नोएडा में पानी जांच के लिए बनी हाईपावर तकनीकी समिति

## पाइपलाइनों के रिसाव, जंग और सैंपल लेकर देगी रिपोर्ट, सड़क बुनियादी ढांचे में होगा सुधार

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , इंदौर में प्रदूषित पानी पीकर कई लोगों की मौत हो गई थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने जल विभाग के अधिकारियों की एक हाईपावर तकनीकी समिति गठित की है। यह समिति पाइप लाइनों में रिसाव और जंग लगने की समस्याओं की पहचान व जलाशयों और वॉटर एटीएम में पानी की शुद्धता की जांच करेगी। समिति विभिन्न क्षेत्रों से सैंपल लेकर अपनी जांच विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपेगी। ताकि भविष्य में इंदौर जैसी घटना यहां न हो। गंगा जल परियोजना के संबंध में निर्देश दिए गए कि 80 क्यूसेक गंगा जल परियोजना से संबंधित कार्य जनवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाए। कार्यों की समीक्षा की दौरान सड़क बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए एसीईओ वंदना त्रिपाठी और ओएसडी महेंद्र प्रसाद की सदस्यता वाली एक विशेष टीम गठित की गई है। 15 दिन में कार्ययोजना तैयार करेसीईओ के निर्देश पर टीम ने मास्टर प्लान रोड-3 के पूरे स्ट्रेच का अचानक दौरा किया। वे 15 दिनों के अंदर इसके सुधार के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे। तालाबों के निर्माण कार्य की धीमी गति पर सीईओ ने गहरा अंसतोष व्यक्त किया। तालाबों के निर्माण में देरी करने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने की अंतिम चेतावनी दी गई है।

### जन स्वास्थ्य अधिकारियों का रोका वेतन

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए मॉडर्न 'मैकेनाइज्ड मशीनों' और नालों की सफाई के लिए 'मीडियम साइज' उपकरणों की खरीद के निर्देश जारी किए हैं।

# जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने भाजपा कार्यालय पर की प्रेस कॉन्फ्रेंस

## मेरठ कांड पर कहा पॉलिटिकल टूरिस्ट है उनको रोटी सेकने का मौका नहीं दिया जाएगा

**–मंत्री ने मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कहा इसमें पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी**

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई के भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में समाज कल्याण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशनझ्र2025 ( विकसित भारत जी-राम-जी ) की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना मनरेगा को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

मंत्री असीम अरुण ने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा द्वारा तय किए गए कार्यों पर प्रत्येक पात्र परिवार को 125 दिन रोजगार की गारंटी दी जाएगी। यदि समय पर काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो लाभार्थियों को बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान होगा। उन्होंने बताया कि मजदूरी का भुगतान अधिकतम 7 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा और विलंब होने पर श्रमिकों को अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी।उन्होंने कहा कि खेती-किसानी को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जाने का प्रावधान किया गया है, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर मिल सकें और ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन को रोका जा सके।

समाज कल्याण अधिकारी के निलंबन को लेकर पूछे गए सवाल पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि जिलाधिकारी हरदोई द्वारा शिकायत की गई थी कई महत्वपूर्ण विषय रखे गए थे कि समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अपने कार्यो को गंभीरता से नहीं किया गया।पीछे हरदोई जनपद इस विषय से छूट रहा था इस तरह की गलती करने का हमारे यहां क्षमा करने का कोई ऑप्शन नहीं है जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस है कार्य कुशलता भी अच्छी होनी चाहिए यह सुनिश्चित हम करते हैं और नए अधिकारी को अति शीघ्र पोस्ट किया जाएगा और फिर हरदोई में जो पीछे छूट रहे थे समाज कल्याण की योजनाए है उन्हें हम पटरी पर लाएंगे जिस अधिकारी ने गलती की है उसे केवल ट्रांसफर या निलंबन नहीं उसे दंडित भी किया जाएगा।

इस दौरान मंत्री असीम अरुण ने स्थानीय प्रशासन से जुड़े मामलों पर भी संज्ञान लिया। उन्होंने सांडी कोतवाली प्रभारी राकेश यादव द्वारा एक पत्रकार से कथित अभद्रता तथा सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह द्वारा महिलाओं से कथित गाली-गलौज के मामलों में निष्पक्ष जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।इसके अलावा उन्होंने रकफ प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बताते हुए चुनाव आयोग और सरकार का आभार जताया। मेरठ की हालिया घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मंत्री ने कहा कि मामले में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए और जांच को किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं किया जाना चाहिए।प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी, विधायक प्रभाष कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती पीके वर्मा, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक सहित सहयोगी दलों के कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे

## हाईवे में दस दिन में तीन चालकों की मौत से सहमे लोग

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। खूनी हाईवे में 10 दिन के अंदर तीन चालकों की मौत होने से यह साबित हो गया है कि इस हाइवे में चलना सिर में कफन बांधकर चलने के समान है। गत 1 जनवरी को रात करीब 8 बजे उद्योग नगरी के समीप एक डंफर ऑटो को टक्कर मारकर ऑटो को दो किलोमीटर घसीट ले गया था।इस घटना में ऑटो चालक अंकित कुशवाहा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। दूसरी घटना 3 जनवरी की रात करीब 11.30 बजे की है।इसमें डंफर चालक ट्रक को टक्कर मार कर अनियंत्रित होकर डाकघर के समीप डॉक्टर वीएन सिंह के क्लीनिक में जा घुसा था। इस घटना में डंपर चालक रिंकू कुढ़ाने की दर्दनाक मौत हो गई थी। अभी यह दोनों हादसे लोगों के जेहन से उबर नहीं पाए थे। इसी बीच बीती रात हाईवे में सीमेंट फैक्ट्री के पास दो डंपरों की आमने-सामने हुई भिडंत में डंपर चालक विकास सिंह निवासी सुरौली बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। थाना क्षेत्र के अंदर दस दिन में तीन चालकों की मौत से यह साबित हो गया है कि खूनी हाईवे में चलना खतरे से खाली नहीं है और किसी भी वक्त मौत का सामना करना पड़ सकता है।

## पत्नी को लेने आए युवक को ससुरालीजनो ने पीटकर किया लहुलुहान

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पत्नी को लेने गोवर्धन से ससुराल आये युवक को ससुराल आये युवक को ससुरालीजनों ने पत्नी को जबरिया ले जाने पर जमकर पीटा।दोनों पक्षों के मध्य हुए विवाद में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। विवाद के बाद ससुराल आया युवक साथियों संग फरार हो गया। मथुरा जनपद के गोवर्धन निवासी भूरा पहलवान ने बताया कि उसने गत 6 दिसंबर को टेढ़ा गांव निवासी दीक्षा तिवारी के साथ विवाह किया था 12 दिन ससुराल में रहने के उपरांत दीक्षा के माता-पिता उसे वापस गांव ले आए थे। इसके बाद ससुराल नहीं जा रही है। रविवार को वह अपनी पत्नी को लेने आया था पत्नी को साथ ले जाते समय ससुरालीजनों ने हमला बोल दिया और जमकर पीटा। इस घटना में दोनों पक्षो के लोग घायल हुए हैं।

## बेरहमी से पिटाई के एक हफ्ते बाद युवक ने तोड़ा दम

**पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सभासद सहित आठ लोगों पर मारपीट का आरोप...**

**अमन लेखनी समाचार**

मल्लावां ( हरदोई ) पुरानी रंजिस में एक युवक को दरवाजे से बुलाकर बेरहमी से लाठी डंडो और बेल्टों से मारा पीटा गया। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में एक सप्ताह बाद मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई ने तहरीर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य और सभासद सहित आठ लोगों पर आरोप लगाया है। कस्बे के गोवर्धनपुर निवासी करन पटेल पुत्र शिव शंकर लाल वर्मा ने मल्लावां कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसके चचेरे भाई सौरभ कुमार 35 वर्ष पुत्र स्व. महावीर प्रसाद को 4 जनवरी को 1 बजे अपने दरवाजे पर खड़ा था। तभी पूर्व जिला पंचायत सदस्य और सभासद सहित आठ लोग एक राय होकर लात घूंसो बेल्टो से मारा पीटा, इस घटना में सौरभ के अंदरूनी गंभीर चोटे आई जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में उमड़ी भीड़, नए मतदाताओं ने भरे फार्म-6

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। निर्वाचन आयोग के निदेशों के तहत रविवार को बूथों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान कस्बे के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बनाए गए बूथों पर मतदाताओं ने अपनी तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में देखे। अभियान के अंतर्गत नए मतदाताओं ने फार्म-6 भरकर बीएलओ को जमा किए। विशेष रूप से जनवरी माह में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं में मतदाता बनने को लेकर उत्साह देखने को मिला और उन्होंने बड़ी संख्या में आवेदन किए। बीएलओ द्वारा मौके पर ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

## बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर आप ने प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार का फूंका पुतला

**भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी जा रही बिजली आपूर्ति को तत्काल बंद करने की मांग।**

**आम आदमी ने बंगलादेश के लोगों का पुतला फूंका**

**अमन लेखनी समाचार**



मौदहा, हमीरपुर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे संगठित अत्याचार एवं भारत सरकार की चुप्पी तथा कूटनीतिक व्यापारिक संबंधों पर तत्काल रोक लगाएं जाने की मांग को लेकर आप आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर बांग्लादेश मुदार्बाद के नारे लगाते हुए राष्ट्रपति को चार सूत्री मांगों का ज्ञापन रजिस्टार कानूनगो को सौंपा है। रविवार को आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर बंगलादेश सरकार का पुतला फूँक राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन रजिस्टर कानूनगो मोतीलाल को ज्ञापन सौंप बताया की भारत-बांग्लादेश के बीच सभी व्यापारिक एवं कूटनीतिक सम्बंधों पर तत्काल रोक लगाए जाय केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही बिजली आपूर्ति पर तत्काल रोक लगाए जाने एवं बांग्लादेशी अल्पसंख्यको की सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। वहीं ज्ञापन देने में नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद ने बताया की अगर जल्द ही भारत सरकार द्वारा निर्णायक कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में न केवल क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा बनेगा बल्कि भारत की अंतर्राष्ट्रीय साख और नैतिक नेतृत्व पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लग सकते है। भारत का संविधान हमें यह सिखाता है। की अन्याय के विरुद्ध मौन रहना भी अन्याय सहने के बाबर है। इसी को लेकर आम आदमी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से इस गंभीर विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए, केंद्र सरकार को तत्काल ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष त्रिलोक चंद, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, सुनील शिवहरे सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बूथ लेवल/बी एल ओ द्वारा मतदाता सूची का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी



**अमन लेखनी समाचार**

राठ, हमीरपुर। रविवार को समस्त निर्धारित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी ( बीएलओ ) आलेख्य रूप से प्रकाशित मतदाता सूची एवं फार्म-6 के साथ उपस्थित रहे। आज प्रत्येक मतदेय स्थल पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनायी गयी।

अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा आम नागरिकों को मतदाता सूची का अवलोकन कराया गया तथा जिन पात्र मतदाताओं के नाम सूची में सम्मिलित नहीं पाए गए अथवा जिन मतदाताओं को नाम, पता, आयु आदि में संशोधन की आवश्यकता थी, उन्हें नियमानुसार फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 उपलब्ध कराए गए इस अवसर पर सभी उपजिलाधिकारी द्वारा जनपद के मतदेय स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त मतदेय स्थलों पर बीएलओ उपस्थित मिले।

## खेलो इंडिया के तहत राष्ट्रीय कबड्डी मैच में यूपी टीम बना उपविजेता



**अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित**

भरुआ, सुमेरपुर। दमनदीप में आयोजित खेलो इंडिया के कबड्डी की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में यूपी टीम ने फाइनल में राजस्थान टीम से भिंड़त करके दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीम के कप्तान अंशुल ने अकेले 50 प्वाइंट में 32 प्वाइंट बनाकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

कस्बे के वार्ड संख्या 8 के निवासी राजन उर्फ पप्पू बाल्मीकि के पुत्र अंशुल का राष्ट्रीय स्तर पर की कबड्डी प्रतियोगिता के लिए यूपी टीम में कप्तान के रूप में चयन हुआ था। गत 5 जनवरी से 9 जनवरी तक दमनद्वीप में आयोजित खेलो इंडिया के तहत हुई प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। फाइनल मैच यूपी एवं राजस्थान के मध्य खेला गया। इस मैच में यूपी टीम को उपविजेता घोषित किया। यूपी टीम के कप्तान अंशुल ने अकेले 50 प्वाइंट में 32 प्वाइंट बनाकर दर्शकों को दिल जीत लिया। युवक की इस सफलता से सभासद अनीश बाल्मीकि सहित घर परिवार के सदस्यों ने हर्ष जताया है।

## चौधरी पहलवान सिंह इन्टर कालेज में बालीबाल की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा, हमीरपुर। चौधरी पहलवान सिंह इण्टर कालेज इचौली महोत्सव में आयोजित तीन दिवसीय चौधरी रणजीत सिंह मेमोरियल बॉलीबॉल प्रतियोगिता के मुख्यअतिथि नेशनल कराटे खिलाड़ी काव्या सिंह ने राष्टगान के बाद बालिका खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर अपने हाथों से सर्विस कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया उद्घाटन में बालिकाओं का पहला मैच चौधरी पहलवान सिंह इण्टर कॉलेज इचौली एवं भागवत प्रसाद इण्टर कॉलेज बांदा के बीच खेला गया जिसमे भागवत प्रसाद इण्टर कॉलेज बाँदा ने चौधरी पहलवान सिंह इण्टर कालेज इचौली को 3-1 से हराया इसके बाद बालकों के मैचों में चार सेट मैच खेले गए जिसमे पहला मैच जूनियर हाईस्कूल गोयरा व इण्टर कालेज इचौली के बीच चार सेटों के मैच में गोयरा ने 3-1से इण्टर कालेज को हराया ,वही दूसरे सेट में इचौली बी व स्टेडियम गोयरा मुगली के बीच खेला गया जहां इचौली बी ने 2-1से स्टेडियम गोयरा को हराया इसके बाद मिनी बाँदा व सीपीएस इण्टर कालेज 2के बीच खेला गया जिसमें सीपीएस इण्टर कालेज2ने 3-1से मिनी बाँदा को हराया, अंतिम सेट का मैच फतेहपुर डिपो व महोबा के बीच खेला गया ,जिसमे फतेहपुर डिपो ने महोबा को दो एक से हराया मैच रेफरी मुन्नालाल, बीडी यादव, कृष्ण कुमार रहे तो वहीं कमेंटेटर में बृजेश कुमार, शिवकुमार व स्कोरर शैलेन्द्र सिंह रहे इस मौके पर पूर्व एमएलसी जयवंत सिंह, पूर्व विधायक युवराज सिंह प्रधानाचार्य अरुण कुमार,पूर्व क्रीडा अधिकारी शबल सिंह, सहकारी समिति इचौली के अध्यक्ष रणवीर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## पंचायत भवन में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया

**निशुल्क नेत्र शिविर में 89 मरीजों की जांच की गयी जिसमें 14 मरीज मोतियाबिंद के पायें गये**

**अमन लेखनी समाचार**



हमीरपुर ।ग्राम गिमुहा के पंचायत भवन में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ यह नेत्र शिविर संध्या वर्मा एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा भाजपा द्वारा आयोजित कराया गया जिसमें डा सुरेश कुमार कोरी नेत्र चिकित्सक जिला अस्पताल हमीरपुर द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया जिसमे मरीजो के चश्मे की जांच व शुगर बी पी की जांच निशुल्क की गई रजिस्ट्रेशन रोहित अनुरागी ने किया जिसमें 89 मरीजो की आखों की जांच की गई जिसमें 14 मरीज मोतिया विन्द से ग्रषित पाये गये 9 मरीज नाखूना के मिले 3 मरीज सबलबाई के मिले शेष मरींजों के चश्मे की जाँच की गई सभी मरीजो को दवा व चश्मा निःशुल्क दिया गया मोतिया विन्द के मरीजो को कल जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया मरीजो के आँख के पर्दे की जांच की जायेगी उसके बाद ऑपरेशन होगा और संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा पत्नी डा सुरेश कुमार ने बताया कि सभी मरीजो को आँख को सुरक्षित कैसे रख्खा जाये व सावधानी बताई और कहा कि आँखो को साफ पानी से धोये और हरी सब्जियों का उपयोग करे और समय समय पर आखो की जांच करते रहना चाहिए कम दिखने पर या आँख लाल हो जाये या आखो में जलन खुजली हो तो तुरंत आँख के डॉक्टर को दिखाना चाहिये और जिन मरीजो का ऑपरेशन होना है उनको ऑपरेशन के बाद एक महीने तक सावधानी बरतनी चाहिये एक महीने गले के नीचे से नहाना चाहिए और भारी वजन नही उठाना चाहिये कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अखिलेश उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार छुपाने की आड़ में कराए जा रहे मनगढ़ंत समाचारों का प्रकाशन

**ग्रामीणों को गुमराह कर सच पर डाल रहे पर्दा**

**चंद सिक्कों की खनक से उच्च अधिकारियों ने साधी चुप्पी**

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद, हरदोई। विकास खंड टोंडरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरौली में हुए व्याप्त भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए अब तथ्यों से परे जाकर चुनिंदा समाचारों का प्रकाशन कराया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो जिन मामलों में सरकारी धन के दुरुपयोग, फर्जी भुगतान और अनियमितताओं के ठोस प्रमाण सामने आए हैं, उन्हें दबाने के उद्देश्य से कुछ जिम्मेदार लोग अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद संबंधित पक्षों में हड़कंप मच गया है। आरोप है कि सच्चाई सामने आने से पहले ही कुछ माध्यमों के जरिए भ्रामक और एकतरफा खबरें प्रकाशित कराई जा रही हैं, ताकि आम जनता को गुमराह किया जा सके और असल मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां एक ओर जमीनी स्तर पर विकास कार्यों में भारी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं, वहीं दूसरी ओर कागजों और खबरों में सब कुछ ठीक दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे न केवल लोकतंत्र की मूल भावना को ठेस पहुंच रही है, बल्कि ईमानदार पत्रकारिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि दोनों तरफ से खबरे चली है उन खबरों की जांच हो,गलत खबर प्रकाशित कराने वाले पर कार्रवाई हो,यदि समय रहते मामले की गहन जांच नहीं हुई, तो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी सच्चाई सामने लाने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

## एक उम्मीद जन कल्याण समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष के भाई के निधन पर जताया शोक

**अमन लेखनी समाचार**

झांसी। एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति की एक शोक सभा मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव के चचेरे भाई आनंद यादव के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। शोक सभा में जिला अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह राजपूत, मंडल महासचिव जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह गौतम अतरौली, मंडल उपाध्यक्ष निसार खान साकिन, मंडल प्रवक्ता प्रमोद सिंह दांगी, मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश गौतम, मंडल सचिव पर्वत सिंह राजपूत, मंडल मीडिया प्रभारी रोहित झा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## मणिकर्णिका वूमेंस क्लब द्वारा कंबल वितरण



**अमन लेखनी समाचार**

झांसी। कड़ाके की ठंड को देखते हुए मणिकर्णिका वूमेंस क्लब की महिला सदस्यों ने मानवता की मिसाल पेश की। क्लब की महिलाओं ने शहर के विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंद और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। इस सेवा कार्य में क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट ओमनी राय, वाइस प्रेसिडेंट नूपुर अग्रवाल, ट्रेजरर तमन्ना राय, सेक्रेटरी संयुक्ता शर्मा सहित मोनिका कोच्छर, अंजलि अग्रवाल, सिमृत जिज्ञासी और ज्योत्सना शर्मा ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महिला सदस्यों ने बताया कि सर्दियों में जरूरतमंदों की सहायता करना उनका मुख्य उद्देश्य है और आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। कंबल पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी और उन्होंने क्लब की महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

## केमिकल पाउडर लादकर फैक्ट्री आ रहा ट्रैक्टर रेलवे लाइन में पलटा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के रेलवे स्टेशन के डंपिंग ग्राउंड से केमिकल पाउडर लादकर उद्योग नगरी आ रहा ट्रैक्टर ट्राली बांदा मार्ग के रेलवे के गेट संख्या 31 में पलट गया। इससे बांदा मार्ग सहित रेलवे रूट ठप हो गया। उद्योग नगरी में संचालित एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में साबुन आदि के निर्माण के लिए राजस्थान से केमिकल पाउडर रेलवे के माध्यम से मंगाया जाता है। मालगाड़ी से उतारकर इसको डंपिंग ग्राउंड में रखा जाता है। सुबह 10:00 बजे इस केमिकल को ट्रैक्टर ट्राली से लादकर फैक्ट्री ले जाया जा रहा था। बांदा मार्ग के गेट संख्या 31 में पटरी पर आते ही ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्राली रेलवे लाइन के ऊपर पलट गई। इससे बांदा मार्ग सहित रेलवे रूट ठप हो गया।

## गांव में एक संत का निधन होने पर गांव बालो ने आश्रम में ही अंतिम संस्कार किया

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा, हमीरपुर ।विकासखंड क्षेत्र के गांव में एक संत का निधन हो जाने पर गांव वालों ने मिलकर आश्रम में ही अंतिम संस्कार एवं समाधि दे दी जिससे आसपास के क्षेत्र के गांव के लोग शोक में डूब गए और अंतिम विदाई दी क्षेत्र के गांव बुढई उदासीन आश्रम में बचपन से रह रहे कि ईश्वरा आनंद संत 111 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया आश्रम में रह रहे चेला सुखदेवानंद गांव में जाकर लोगों से इस घटना की जानकारी दी जिससे लोग एकत्र होकर संत की उदासीन अखाड़े पर ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया क्षेत्र के लोगों संत को नाम आंखों से अंतिम विदाई उनके अंतिम संस्कार में लोगों का जन्म सैलाब उमड़ बड़ा कमेटी के लोग रिंकू कुशवाहा सुनील कुशवाहा जगदीश कुशवाहा गजराज यादव राम सिंह अरख आदि ने बताया कि यहां एक बहुत पहले बाहर से केवलानंद नाम के एक संत आए थे जो बचत की भूमि पर एक कुटी बनाकर रहने लगे उनके गुजर जाने के बाद गांव के ही ईश्वरआनंद संत बचपन से ही उसी कुटी में रहकर समाधि की पूजा अर्चना करने लगे और वहीं पर रहने लगे कमेटी बना कर लोगों ने वहां पर एक आश्रम बनवाया और संत की समाधि में लोग पूजा अर्चना करने लगे तब से यह उदासीन आश्रम के नाम से जाना जाता है।

## हाईवे में दो डंपर भिड़े, एक चालक की मौत, खलासी घायल

**खूनी हाईवे में 2 बजे रात हुआ हादसा**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। बीती रात नेशनल हाईवे में सीमेंट फैक्ट्री के समीप दो डंपरों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में एक डंपर के चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चालक को हैलेट रेफर किया गया। हैलेट में इलाज के दौरान तड़के उसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। थानाक्षेत्र के सुरौली बुजुर्ग अविनाश सिंह का पुत्र विकास सिंह अपने छोटे भाई राघवेंद्र सिंह के साथ डंपर चलाकर परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। बीतीरात करीब 2:00 बजे यह कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहा था। हाईवे में इंगोहटा के पास सीमेंट फैक्ट्री के समीप कानपुर से कबरई जा रहे डंपर से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में चालक विकास सिंह अपने भाई राघवेंद्र सिंह के साथ गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर विकास सिंह को कानपुर रेफर किया गया। कानपुर के हैलेट अस्पताल में तड़के उसकी मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और अविवाहित था। छोटे भाई के साथ डंपर चलाकर परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। प्रधान प्रतिनिधि रामफूल निषाद ने बताया कि मृतक का कानपुर में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया जाएगा। वहीं राघवेंद्र की हालत में उपचार के बाद सुधार बताया जा रहा है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 ( उ.प्र. ) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**

